RNI.No. — GUJHIN/2012/45192





# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

श्री 1008 महामंडलेश्वर
श्री स्वामी रामानंद दासजी महाराज
श्री रामानंद दास अन्नक्षेत्र सेवा ट्रस्ट, तपोवन आश्रम



स्व. पं. पू.1008 श्री रामानन्द जी
तपोवन मंदिर, मोरा गांव, सूरत

वर्ष-12 अंक:68 ता. 30 अगस्त 2023, बुधवार, कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत (गुजरात) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi

## इस मानसून में आठ साल में सबसे कम बारिश की आशंका

**अल-नीनो के असर से सितंबर में कम वर्षा की संभावना**



**नई दिल्ली।** सूत्रों के अनुसार, अगस्त में अल नीनो की वजह से बारिश कम हुई है। सितंबर में भी इसका नकारात्मक असर हो सकता है। इस वजह से जून से सितंबर के मानसूनी समय में बारिश आठ फीसदी कम हो सकती है। यह कमी साल 2015 के बाद सबसे अधिक होगी।

इस साल मानसून आठ साल में सबसे कमजोर साबित हो सकता है। मौसम के अल नीनो पैटर्न की वजह से सितंबर में भी ज्यादा बारिश नहीं होगी। वहीं, अगस्त पहले से ही सूखा महीना साबित होने की राह पर है। यह आशंका मौसम विभाग के सूत्रों ने जताई है। सूत्रों के अनुसार, अगस्त में अल नीनो की वजह से बारिश कम हुई है। सितंबर में भी इसका नकारात्मक असर हो सकता है। इस वजह से जून से सितंबर के मानसूनी समय में बारिश आठ फीसदी कम हो सकती है। यह कमी साल 2015 के बाद सबसे अधिक होगी। मौसम विभाग 31 अगस्त को सितंबर के पूर्वानुमान जारी कर सकता है।

**असमान रही मानसूनी बारिश**

दूसरी ओर इस वर्ष मानसूनी बारिश असमान भी रही। यह जून में सामान्य औसत से नौ फीसदी कम तो जुलाई में 13 फीसदी अधिक दर्ज हुई। 17 सितंबर से मानसून की वापसी शुरू हो जाती है। हालांकि, बीते चार साल से सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश हुई है, क्योंकि मानसून की वापसी देरी से हुई, लेकिन आशंका है कि इस बार इस महीने में पूर्वी और उत्तरी राज्यों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। उल्लेखनीय है कि मानसून के दौरान सालाना औसत की 70 फीसदी बारिश होती है। इसमें कमी से चीनी, दाल, चावल, सब्जियों आदि के दाम बढ़ सकते हैं।

# 3 महीने में 3 बार पहुंचे मोदी, एमपी चुनाव में क्यों महाकौशल इतना अहम; सीधा गणित

**मध्य प्रदेश के महाकौशल इलाके में 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने अहम बढ़त के साथ 15 साल बाद प्रदेश में 15 महीने के लिए सत्ता हासिल की थी। इसी वजह से इस बार भाजपा का महाकौशल पर खास ध्यान है।**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के महाकौशल इलाके में 2018 के चुनाव में कांग्रेस ने अहम बढ़त के साथ 15 साल बाद प्रदेश में 15 महीने के लिए सत्ता हासिल की थी। इसी वजह से इस बार भाजपा का महाकौशल पर खास ध्यान है। 8 जिलों की 38 सीटों के नतीजे लगभग यह तय कर देंगे कि प्रदेश में किसकी सरकार बनेगी। 17 अगस्त को घोषित भाजपा के 39 उम्मीदवारों की पहली सूची में सबसे ज्यादा 11 प्रत्याशी इसी इलाके की हारी हुई सीटों के हैं। दोनों ही दल महाकौशल के जरिए विंध्य और बुंदेलखंड को भी साधने की कोशिश में हैं। माना जाता है कि महाकौशल की तर्ज पर ही विंध्य और बुंदेलखंड भी व्यवहार करता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है भाजपा ने चुनाव की तारीख घोषित होने से पहले ही 39 उम्मीदवारों के नाम की



घोषणा कर मास्टर स्ट्रोक मारा है। आदिवासी सीटों पर फोकस 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को महाकौशल से निराशा हाथ लगी थी। इसकी सबसे

**● 17 अगस्त को घोषित भाजपा के 39 उम्मीदवारों की पहली सूची में सबसे ज्यादा 11 प्रत्याशी इसी इलाके की हारी हुई सीटों के हैं।**

बड़ी वजह आदिवासियों की नाराजगी मानी गई थी। कांग्रेस ने क्षेत्र के आठ जिलों में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 13 सीटों में से 11 पर जीत हासिल की थी जबकि दो सीटों पर ही भाजपा को जीत मिली थी। इसी कमी को दुरुस्त करने के लिए भाजपा का फोकस पूरी तरह आदिवासियों पर है। 2018 में कांग्रेस ने कमलनाथ को सीएम का चेहरा बनाकर चुनाव लड़ा था। इससे उनके गृह जिले छिंदवाड़ा की सभी सात सीटें कांग्रेस ने जीत ली थीं। जबलपुर जिले में कांग्रेस को आठ में से चार सीटें मिलीं थीं।

**शीर्ष नेतृत्व ने मोर्चा संभाला**

महाकौशल का किला फतह करने के लिए दोनों पार्टियों ने इस बार शीर्ष नेतृत्व को मैदान में उतार दिया है। पिछले तीन माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन बार महाकौशल और आसपास के इलाकों का दौरा कर चुके है। आदिवासी वोटरों की बहुलता वाले महाकौशल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी लगातार चक्कर लगा रहे है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते भी पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

## जब इंदिरा गांधी चांद पर पहुंचीं; राकेश रोशन वाले बयान के बाद ममता बनर्जी का नया वीडियो वायरल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा का नाम राकेश रोशन लेने पर ट्रोल होने वालीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का अब नया बयान वायरल हो रहा है। दरअसल सोमवार को उन्होंने एक भाषण के दौरान कहा कि इंदिरा गांधी जब चांद पर पहुंचीं तो राकेश से पूछा था कि ऊपर से हिंदुस्तान कैसा लग रहा है? तब राकेश शर्मा ने कहा था- सारे जहां से अच्छा, हिंदुस्तान हमारा। ममता बनर्जी ने अपने भाषण में पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोलने समेत कई बातें कहीं, लेकिन उनकी बात का इतना ही हिस्सा वायरल है, जिसमें वह कहती हैं कि इंदिरा गांधी चांद पर गई थीं। ममता बनर्जी ने कहा, इससे पहले भी इंदिरा गांधी ने चांद पर लोगों को भेजा था। मैं तब बहुत छोटी थी। मुझे याद है कि मैं अखबार पढ़ा करती थी। तब मैंने देखा कि एक स्टोरी निकली थी। इंदिरा गांधी जब चांद पर पहुंची थीं तो उन्होंने राकेश को पूछा था। ऊपर से हिंदुस्तान कैसा लग रहा है। तब राकेश शर्मा ने कहा था, सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा। इससे पहले 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग के दौरान भी ममता बनर्जी ने एक ऐसी टिप्पणी की थी, जो वायरल हो गई थी।

**राकेश शर्मा को बता चुकी हैं राकेश रोशन, तब भी हुई थीं ट्रोल**-उन्होने भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री का जिक्र करते हुए कहा था कि राकेश रोशन जब अंतरिक्ष में पहुंचे थे तो इंदिरा गांधी ने उनसे बात की थी। दरअसल वह राकेश शर्मा की बजाय अभिनेता राकेश रोशन का नाम बोल गईं, जिस पर वह खूब ट्रोल हुई थीं।

ममता बनर्जी ने चंद्रयान-3 में बंगाल के भी 28 वैज्ञानिकों के शामिल होने की बात कही और कहा कि मौका मिलेगा तो मैं इन लोगों को सम्मानित करना चाहूंगी। यही नहीं उन्होंने कहा कि मैं चंद्रयान-3 की



सॉफ्ट लैंडिंग देखना चाहती थी, लेकिन हम ठीक से देख नहीं सके। स्क्रीन पर किसी का चेहरा दिख रहा था और हमें टीवी बंद करना पड़ा।


**किसी का चेहरा स्क्रीन पर था- ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर कसा तंज**-दरअसल ममता बनर्जी का इशारा पीएम नरेंद्र मोदी की ओर था। जो चंद्रयान-3 की लैंडिंग के वक्त इसरो के संपर्क में थे और टीवी चैनलों की स्क्रीन पर उन्हें भी दिखाया जा रहा था। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के तुरंत बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने तिरंगा लहराते हुए सभी वैज्ञानिकों और देशवासियों को शुभकामनाएं दी थीं। इसी बात पर ममता बनर्जी ने तंज कसते हुए कहा कि स्क्रीन पर किसी का चेहरा दिख रहा था, इसलिए मैं चंद्रयान-3 की लैंडिंग नहीं देख पाई।

## मिशन के 10 दिन शेष, रोवर को ज्यादा से ज्यादा चलाने की कोशिश

### समय के साथ दौड़ लगा रहे वैज्ञानिक

**अहमदाबाद।** अंतरिक्ष उपयोग केंद्र अहमदाबाद के निदेशक निलेश एम देसाई ने कहा कि चंद्रयान-3 अभियान के 3 हिस्से हैं। यान की सॉफ्ट लैंडिंग, रोवर प्रज्ञान को लैंडर विक्रम से निकाल कर चंद्र सतह पर चलाना और मिशन में शामिल सात उपकरणों से काम लेना। अब तीसरे हिस्से के तहत असली काम जारी है। इसमें उपकरणों से विभिन्न प्रयोग हो रहे हैं, विश्लेषण व डाटा जुटाया जा रहा है। इसीलिए रोवर को जितना हो सके चंद्र सतह पर घुमाया जाना है, ताकि ज्यादा से ज्यादा प्रयोग कर हम बहुमूल्य डाटा जुटा सकें। मिशन के आखिरी 10 दिनों में अधिक काम करने के लिए वैज्ञानिक भी समय के साथ दौड़ लगा रहे हैं।

**आएगी लंबी रात, फिर जागने की भी उम्मीद**-पृथ्वी के 14 दिन बीतने के बाद चंद्रमा पर अगले 14 पृथ्वी दिवस के बराबर घनी अंधियारी रात आएगी। इस अवधि में यान के कई उपकरण स्लीप मोड में जाएंगे, लेकिन तापमान माइनस 180 से माइनस 250 डिग्री तक गिर सकता है, यान सौर ऊर्जा भी नहीं ले पाएगा। इन कठोर हालात के बावजूद अगर नसीब ने साथ दिया तो लंबी रात बीतने के बाद चंद्रयान-3 के उपकरण रिवाइव हो सकते हैं। ऐसा हुआ तो हमें दक्षिणी ध्रुव का और डाटा मिल सकेगा।



**भूकंप की वजहों का विश्लेषण**

देसाई के मुताबिक, सभी उपकरणों व प्रयोगों का डाटा लैंडर के जरिये पृथ्वी पर भेजने के साथ इन प्रयोगों को दोहराया भी जाएगा। इस दौरान चास्टे उपकरण से जहां पहली बार मानव द्वारा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव का तापमान मापा जा रहा है, वहीं इल्सा उपकरण मून-क्वेक यानी चंद्रमा के भूकंप दर्ज कर रहा है। पृथ्वी की तरह ही चंद्रमा पर भूकंप आते हैं। ऐसे कई रहस्य सुलझाने में चंद्रयान-3 के उपकरणों से मिली जानकारियां मदद करेंगी।

**जेपीएल से सहयोग नहीं मिला**

देसाई ने खुलासा किया कि भारत को इस मिशन में अमेरिका की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला (जेपीएल) के गोल्डस्टोन गहन अंतरिक्ष संपर्क स्टेशन की सेवाएं नहीं मिल पाई हैं। इस वजह से रोवर से संपर्क व मूवमेंट के दौरान शुरुआत में दृश्यता की कुछ समस्याएं आई हैं। इसी वजह से रोवर को रोज 30 मीटर चलाने के बजाय मूवमेंट 12 मीटर हुआ।

**आदित्य एल1 : तय करेगा 15 लाख किमी का सफर**

चंद्रमा पर अपना यान उतारने के बाद भारत अब सूर्य के अध्ययन के लिए दो सितंबर की सुबह 11:50 बजे आदित्य एल1 अभियान भेजेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को इसकी घोषणा की।

## चमोली में कार गहरी खाई में गिरने से एक की मौत, चार जख्मी

**चमोली/देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले में जोशीमठ क्षेत्रान्तर्गत , सलूड़ गांव में देर रात एक कार के गहरी खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी और अन्य चार घायल हो गए।

कार के गहरी खाई में गिरने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के राहत दल (रेस्क्यू टीम) ने खाई से एक व्यक्ति का शव निकाला और अन्य चार को खाई से बाहर निकाला।

एसडीआरएफ प्रवक्ता ललिता दास नेगी ने मंगलवार सुबह बताया कि सोमवार देर रात कोतवाली जोशीमठ द्वारा जोशीमठ से महज दो किलोमीटर की दूरी पर एक आल्टो कार वाहन खाई में दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। इस पर जोशीमठ से मुख्य आरक्षी मुकेश ऐठानी के नेतृत्व में रेस्क्यू टीम आवश्यक उपकरणों के साथ तत्काल घटनास्थल पहुंची। जहां एक ऑल्टो कार संख्या यूके 11 बी 2096 अनियंत्रित होने से लगभग 100 मीटर गहरी खाई में दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। कार में पांच लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू टीम द्वारा त्वरित राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए रात्रि के घने अंधेरे और अत्यधिक दुर्गम परिस्थितियों के बीच दो घायलों को रेस्क्यू कर अस्पताल भिजवाया। जबकि एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी थी। जिसके शव को बरामद कर जिला पुलिस के सुपर्द किया गया। इसके अतिरिक्त दो लोगों को





मामूली चोटें लगी और वह स्वयं खाई से बाहर आ गए थे। नेगी ने बताया कि मृतक की पहचान शरण सिंह चौहान पुत्र माधो सिंह के रूप में हुई है। जबकि सोभन चौहान, संदीप चौहान, सौरभ चौहान और किशोर चौहान घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि उपरोक्त सभी युवक ग्राम सलूड़, डूंगा जोशीमठ, चमोली के निवासी है।

## दिल्ली में 3 दिन आसमान से फिर बरसेगी आग ?

**नई दिल्ली।** तेज धूप के कारण राजधानी में उमस और गर्मी का आलम अभी बना रहेगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री इजाफा हो सकता है। इस बीच सोमवार को भी अधिकतम पारा सामान्य से एक डिग्री ज्यादा रहा। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में सोमवार सुबह से तेज धूप निकली रही। दिन चढ़ने के साथ धूप और तेज हो गई। इस कारण अधिकतम तापमान में तेजी से इजाफा हुआ है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में अधिकतम तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री ज्यादा है। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य तापमान है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 73 से 53 फीसदी तक रहा।

**10-16 किमी की रह सकती है हवा की गति :** मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार को अधिकतम



तापमान 37 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इस दौरान हवा की गति 10-16 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। दिन भर तेज धूप और अच्छी बारिश नहीं होने से एक व दो सितंबर तक अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। वहीं, मौसम की अलग-अलग गतिविधियों के कारण दिल्ली की हवा साफ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 144 अंक पर रहा।

**63 फीसदी कम बरसे**-मौसम विभाग के मुताबिक, सफदरजंग मौसम केंद्र में अगस्त में सामान्य तौर पर 233.1 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जाती है, लेकिन इस साल अभी तक सिर्फ 91.8 मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से 63 फीसदी कम है।

**लगातार दूसरे साल ऐसा होने से चिंता**-जुलाई की तुलना में दिल्ली में अगस्त में ज्यादा बारिश होती है, लेकिन लगातार दूसरे साल अगस्त सूखा है। 2022 के अगस्त में सिर्फ 41.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी, जो कि सामान्य से 82 कम रही थी।

## पुलवामा आतंकी हमले की वजह से आर्टिकल 370 हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा; एससी में बोली केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** पुलवामा में फरवरी 2019 को हुए आतंकवादी हमले के चलते केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के लिए मजबूर होना पड़ा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में आर्टिकल 370 हटाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस फैसले से जम्मू-कश्मीर का देश के शेष हिस्से के साथ पूर्ण विलय हुआ है। इस दौरान उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के आरोपों का भी जवाब देते हुए कहा कि यह सही है कि आर्टिकल 370 को खत्म किया गया है। लेकिन इससे राज्य में शांति बहाली हुई है। इस दौरान उन्होंने आर्टिकल 35ए का भी जिक्र करते हुए कहा कि इससे जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच भेदभाव होता था। वहां रहने वाले लाखों लोगों को वोट डालने, पढ़ाने करने और रोजगार के समान अवसर जैसे मूल अधिकार भी नहीं मिलते थे। उन्होंने कहा कि इस बात को तो चीफ जस्टिस ने भी स्वीकार किया है कि आर्टिकल 35ए लोगों से भेदभाव करने वाला होता था। 5 अगस्त, 2019 के फैसले को सही करार देते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इसके बाद ऐसा कोई निर्णय नहीं हुआ है, जिससे संविधान का





उल्लंघन होता हो। बता दें कि राज्य की दो प्रमुख पार्टियों नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी ने केंद्र के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। दोनों दलों का कहना है कि इसके चलते राज्य की स्वायत्तता छिनी है। इस पर केंद्र सरकार ने कहा कि सच यह है कि आर्टिकल 370 हटने से पहले लोगों को कई मूल अधिकार प्राप्त नहीं थे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी की ओर से लोगों को भ्रमित किया जाता रहा है। इन दलों ने हमेशा जम्मू-कश्मीर के प्राइड के नाम पर लोगों को उनके अधिकारों से वंचित किया है।

**पंजाब के पुनर्गठन का दिया उदाहरण, तब भी था राष्ट्रपति शासन**


जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने और राज्य के पुनर्गठन के लिए गलत प्रक्रिया अपनाने का भी केंद्र सरकार ने जवाब दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 1966 में पंजाब के पुनर्गठन के लिए जो प्रक्रिया अपनाई गई थी, वही प्रक्रिया जम्मू-कश्मीर को लेकर भी की गई है। उन्होंने कहा कि 1966 में ही पंजाब का पुनर्गठन हुआ था और हरियाणा एवं चंडीगढ़ का गठन किया गया था। उस दौरान पंजाब में भी जम्मू-कश्मीर की ही तरह राष्ट्रपति था।

## महाराष्ट्र में सड़क हादसों में भारी बढ़ोतरी, 7 महीने में करीब 9 हजार मौतें

मुंबई। पिछले कुछ महीनों से महाराष्ट्र में सड़क दुर्घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। खासकर पिछले 7 महीने के आंकड़े चौंकाने वाले हैं. पुलिस के मुताबिक जनवरी से जुलाई 2023 तक राज्य में कुल 19,719 दुर्घटनाएं हुईं और इन दुर्घटनाओं में 8,907 लोगों की मौत हो गई. दुर्घटनाओं और जानमाल की हानि की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। इस संदर्भ में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (यातायात) डॉ.रवीन्द्र सिंघल का कहना है कि वाहन चालकों की गैरजिम्मेदारी के कारण सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं और कई लोगों की जान जा रही है. बात करें मुंबई की तो मुंबई में दुर्घटनाओं की संख्या कम हुई है जबकि पुणे में संख्या बढ़ी है. पुणे में पिछले साल की तुलना में इस साल दुर्घटनाएं और मौतें बढ़ी हैं। पिछले साल जनवरी से जुलाई तक सात महीनों में 494 दुर्घटनाओं में 189 लोग मारे गए और 352 घायल हुए। इस साल सात महीने में 705 हादसों में 205 लोगों की मौत हो गई और 502 लोग घायल हो गए। जबकि पिछले 7 महीनों में मुंबई में 551 हादसे हुए हैं और इन हादसों में 148 लोगों की मौत हो गई है. पिछले साल की तुलना में इसमें 590 की कमी आई है। फिलहाल राज्य में 3 करोड़ 47 लाख 73 हजार 625 वाहन पंजीकृत हैं. सड़क दुर्घटनाओं में महाराष्ट्र देश में तीसरे स्थान पर है और इन दुर्घटनाओं को कम करने के लिए परिवहन विभाग के साथ यातायात पुलिस विभिन्न उपाय योजना लागू कर रही है। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में पुराने वाहनों में यात्री परिवहन, तेज गति, वाहन की क्षमता से अधिक सवारी, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, पर्याप्त आराम के बिना वाहन चलाना शामिल हैं।

## मोबाइल के कारण प्यार में पड़कर घर से भाग रही हैं लड़किया : रुपाली चाकणकर

लातूर। लड़कियों के घर से भागकर लड़कों के साथ रहने की बड़ी वजह मोबाइल बताई जा रही है। ऐसा महाराष्ट्र महिला आयोग की प्रमुख रुपाली चाकणकर ने दावा किया है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन के कारण माता-पिता और बच्चों के बीच 'संवाद का अभाव' होने से लड़कियां संभवत- प्यार में पड़कर घर से भाग रही हैं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के बाद राज्य में बाल विवाह के मामलों में वृद्धि हुई है। लातूर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए चाकणकर ने कहा कि अकेले लातूर में 37 बाल विवाह रोके गए और इनमें से दो घटनाओं के संबंध में मामले दर्ज किए गए। हालांकि, उन्होंने महाराष्ट्र में बढ़ते बाल विवाह पर अपने बयान के संबंध में कोई आंकड़ें या समयावधि नहीं बताई। चाकणकर ने कहा कि ग्राम सभाओं को बाल विवाह पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए प्रस्ताव पारित करना चाहिए और शादी का निमंत्रण छापने वाली इकाइयों सहित इसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि मोबाइल फोन और प्रौद्योगिकी के अन्य साधन उपलब्ध होने के कारण माता-पिता और बच्चों के बीच 'संवाद का अभाव' देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से लड़कियां संभवत: प्यार में पड़कर घर से भाग रही हैं। महाराष्ट्र महिला आयोग की प्रमुख चाकणकर ने कहा कि पुलिस के 'दामिनी स्क्वाड' को लड़कियों की सुरक्षा के लिए उनके साथ अधिक बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि महिला आयोग अपलया दारी पहल के तहत आयोग ने 28 जिलों की लगभग 18,000 शिकायतों का निस्तारण किया है। अभी हमें लातूर में 93 शिकायतें मिलीं और तीन दल उन्हें तेजी से हल करने की दिशा में काम करेंगे।



## गृह विभाग से जुड़ी स्थायी समिति के सदस्य बने पूर्व गृहमंत्री चिदंबरम

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कई स्थायी संसदीय समितियों का पुनर्गठन किया है। इसमें गृह विभाग से जुड़ी स्थायी समिति में पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पी. चिदंबरम को शामिल किया गया है। कांग्रेस के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी पहले ही इस समिति के सदस्य हैं। समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृज लाल हैं। चिदंबरम से पहले राज्यसभा से कांग्रेस सांसद प्रदीप भट्टाचार्य समिति में थे। हाल ही उनका कार्यकाल पूरा हो चुका हैं। इसके बाद सदस्य के रूप में चिदंबरम की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश को धनखड़ ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है। राज्यसभा सभापति ने कुल आठ स्थायी समितियों का पुनर्गठन किया है। खास बात यह है कि पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम को इस गृह मामलों के संसदीय स्थायी समिति में तब नियुक्त किया गया जब समिति तीन महत्वपूर्ण प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा कर रही है। संसदीय पैनल के समक्ष चर्चा के लिए लाए गए इन विधेयकों का उद्देश्य आपराधिक न्याय कानूनों-भारतीय दंड संहिता 1860, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-1872 और दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 को पूरी तरह से बदलकर उनकी जगह पर नए कानून बनाने के लिए विधेयक लाया जाना हैं। इन कानूनों को क्रमश-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नाम देने का भी प्रस्-?ताव है। इन तीनों विधेयकों को हाल ही में समाप्त हुए मानसून सत्र के आखिरी दिन 11 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में पेश किया था। संसद के दोनों सदनों की कुल 24 विभागीय संबंधित स्थायी समितियां हैं। इसमें हर समिति में 31 सदस्य होते हैं। इसमें 21 लोकसभा और 10 राज्यसभा की स्थायी समितियां हैं।

## बलात्कार का आरोप लगाकर पैस लूटने वाले गिरोह का पर्दाफश

पणजी। गोवा पुलिस ने बलात्कार की झूठी शिकायत दर्ज कराने की धमकी देकर गुजरात के एक व्यक्ति से कथित तौर पर पैसे एठनें के आरोप में दो महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक (उत्तरी गोवा) निधिन वलसन ने कहा कि किरण पटेल द्वारा गुजरात की ही दो महिलाओं के खिलाफ दायर एक शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई थी। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला हैं कि आरोपी फर्जी रेप केस दर्ज कराने की धमकी देकर उगाही का रैकेट चला रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला ने 23 अगस्त को एक गैर-गोवा व्यक्ति के खिलाफ बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई थी। वालसन ने कहा, बाद में जांच अधिकारी को पता चला कि शिकायतकर्ता ने (गोवा में) अलग-अलग मामलों में शिकायत दर्ज कराई थी। चूंकि वह गुजरात से थी, हमने वहां अपने समकक्षों से संपर्क किया और जानकारी मिली कि वह कई एफआईआर में शिकायतकर्ता थी। तभी हमें बिजनेसमैन से शिकायत मिली कि इन शिकायतकर्ताओं (महिलाओं) ने उनसे यह कहकर पैसे वसूले कि वे उस पर बलात्कार का आरोप लगाएगी। हमें पता चला कि उन्होंने गुजरात और गोवा में कई एफआईआर की थीं। दरअसल वे बिजनेसमैन से यह धमकी देकर उगाही करने का रैकेट चला रहे थे कि उन्हें बलात्कार के मामले में फंसाया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, दोनों महिलाओं ने अपराध में शामिल अपने सह-आरोपी का नाम विश्वदीप गोहिल बताया जो गुजरात के ही भावनगर का रहने वाला है। वालसन ने कहा, जांच के दौरान पता चला कि अपराध में शामिल आरोपियों ने गोवा के साथ-साथ गुजरात के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई है। इन मामलों का विवरण स्टेशनों से प्राप्त किया जा रहा है और आगे की जांच जारी है।

## कोटा में छात्रों का तनाव कम करने लगेगी फन क्लास

कोटा। बच्चों के लिए आत्महत्या का गढ़ बने कोटा जिले में मौत के आंकड़े डरा रहे है, इस देखकर कोई भी माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ने भेजने से कतरा सकते है। आंकड़ों के अनुसार कोटा में पिछले 8 माह में 23 बच्चों ने आत्महत्या की है, जबकि पिछले 1 महीने में 5 और अब 24 घंटे के अंदर 2 कोचिंग छात्र मौत को गले लगा चुके है। अब कोटा का सिस्टम हरकत में आया है, जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है कि अगले 2 महीने तक कोचिंग संस्थानों में किसी तरह के टेस्ट नहीं होगा। वहीं छात्रों के तनाव को कम करने के लिए फन क्लास लगेगी। कोटा में कोचिंग छात्रों की खुदकुशी के मामले को लेकर प्रमुख शासन सचिव शिक्षा भावनी सिह देथा ने कोचिंग संस्थानों को नई गाइड लाइन की पालन करने के सख्ती से निर्देश दिए है।

# श्रीलंका ने भारत को किया नजरअंदाज, चीनी रिसर्च शिप को आने की दी अनुमति

### -पिछले साल भी आ चुका है एक चीनी जासूसी पोत, अब अक्टूबर में फिर डालेगा लंगर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** श्रीलंका ने भारत की मंशा को नजरअंदाज करते हुए एक और चीनी जहाज को आने की अनुमति दे दी है। जानकारी के अनुसार जल्द ही श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह पर चीन का यह जहाज लंगर लगा सकता है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार श्रीलंका सरकार ने चीनी अनुसंधान जहाज 'शी यान 6' को भारतीय चिंताओं के बीच बंदरगाह पर आने के लिए अनुमति दे दी है। शीर्ष सूत्रों के मुताबिक, जहाज के अक्टूबर में कोलंबो बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है। श्रीलंकाई रक्षा मंत्रालय के मीडिया निदेशक, कर्नल नलिन हेराथ ने कहा, 'लंका के विदेश मंत्रालय और राष्ट्रीय जलीय संसाधन शोध और विकास एजेंसी (एनएआरए) द्वारा किए गए अनुरोध के आधार पर जहाज के लिए मंत्रालय से अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि एनएआरए का चीनी शोध जहाज के साथ शोध करने का कार्यक्रम है। जहाज



के श्रीलंका पहुंचने की तारीख की अभी पुष्टि नहीं हुई है। इससे पहले मीडिया ने इस शि यान 6 को 60 लोगों द्वारा संचालित एक वैज्ञानिक अनुसंधान पोत बताया था जो समुद्र विज्ञान, समुद्री पारिस्थितिकी और समुद्री भूविज्ञान परीक्षण का काम करता है।

गौरतलब है कि पिछले साल भी भारत ने चीनी अनुसंधान पोत युआन वांग 5 के दक्षिण श्रीलंका में हंबनटोटा बंदरगाह बुलावे पर भी चिंता जताई थी। यह पोत अंतरिक्ष यान ट्रैकिंग में माहिर है और जिसे नई दिल्ली ने एक जासूसी पोत बताया था। कुछ दिनों तक मध्य समुद्र में इंतजार करने के बाद अंततः इसे दक्षिणी श्रीलंका में चीन निर्मित हंबनटोटा बंदरगाह पर खड़ा किया गया। भारत ने इसके प्रवेश का यह कहते हुए विरोध किया कि इसका इस्तेमाल दक्षिण में भारतीय सैन्य और परमाणु प्रतिष्ठानों की जासूसी करने के लिए किया जा सकता है। दो हफ्ते पहले चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी का युद्धपोत दो दिवसीय दौरे पर देश में आया था। बताया गया कि भारत द्वारा जताई गई चिंताओं के कारण 129 मीटर लंबे जहाज के आगमन में देरी हुई। नकदी की कमी से जूझ रहा श्रीलंका अपने विदेशी कर्ज के पुनर्गठन को लेकर भारत और चीन दोनों को समान रूप से अहम भागीदार मानता है। चीन श्रीलंका के शीर्ष कर्जदाताओं में से एक है।

## इसरो के पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायण ने पीएम मोदी को दिया चंद्रयान 3 का फुल क्रेडिट

नई दिल्ली। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायण ने मोदी सरकार को चंद्रयान 3 की सफलता का फुल क्रेडिट दिया है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर यह बात कही है, जिसे सोशल मीडिया पर बीजेपी ने भी शेयर किया है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान 3 की सफलता के बाद हर कोई जश्न मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया में आज भारत का डंका बज रहा है। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायणन का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्हें कहते हुए सुना जा सकता है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली पिछली सरकार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) पर कोई भरोसा नहीं था और उनके पास मून मिशन के लिए कोई बजट आवंटन नहीं था। एक इंटरव्यू में नंबी नारायण ने चंद्रमा की सतह पर टचडाउन बिंदु का नाम 'शिव शक्ति' रखने की पीएम मोदी की घोषणा पर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच वाकयुद्ध पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी पर चंद्रयान-3 मिशन का 'श्रेय चुराने' की बात भी कही। इसरो के पूर्व वैज्ञानिक ने कहा, 'हो सकता है कि आपको प्रधानमंत्री मोदी पसंद न हों, यह आपकी समस्या है। लेकिन आप इसे बदल नहीं सकते हैं, इसका श्रेय और किसे दिया जाएगा? पिछली कांग्रेस सरकार ने हमें पर्याप्त धन आवंटित नहीं किया। उन्हें इसरो पर कोई भरोसा नहीं था। नंबी नारायणन का वीडियो बीजेपी ने भी शेयर किया है। इस वीडियो में वो कांग्रेस के शासनकाल के दौरान इसरो के हालातों पर बात करते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में नंबी कहते हैं कि उनकी प्राथमिकताएं अलग-अलग थीं, उन्होंने कभी भी अंतरिक्ष अनुसंधान को प्राथमिकता नहीं दी।

### मुंबई बैठक से पहले लालू प्रसाद यादव का पीएम पर बड़ा हमला

# 'नरेंद्र मोदी की गर्दन पर चढ़ने जा रहे हैं'

**पटना (एजेंसी)।** 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली विपक्षी गुट की तीसरी बैठक से पहले, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को कहा कि इंडिया गठबंधन मुंबई में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को चुनौती देने के लिए तैयारी कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी मोर्चा अगले साल केंद्र से मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार को हटा देगा। पत्रकारों से बात करते हुए राजद प्रमुख ने कहा, 'मुंबई में नरेंद्र मोदी के गले पर चढ़ने जा रहे हैं हमलोग। नरेंद्र मोदी का नट्टी पकड़े हुए हैं हमलोग, हटाना है।' उन्होंने मुंबई रवाना होने से पहले यह बात कही।




राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा कि परिवर्तन लाने की कोशिश में विपक्षी दल अनिवार्य रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निशाने पर हैं। इस बीच बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कुछ और क्षेत्रीय दलों को शामिल करके गठबंधन के संभावित विस्तार का संकेत दिया था। विशेष रूप से, 26-पार्टी विपक्षी गठबंधन का गठन अगले साल के चुनावों में भाजपा के रथ का मुकाबला करने के लिए एकजुट मोर्चा पेश करने के लिए किया गया है। इंडिया गठबंधन की इससे पहले दो बार बैठक हो चुकी है - पहली बार 23 जून को पटना में और फिर 17-18 जुलाई को बेंगलुरु में।

सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को भारत गठबंधन के संयोजक के रूप में नामित किए जाने की संभावना है। मुंबई बैठक में उनके नाम की घोषणा होने की उम्मीद है। इससे पहले इस पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम सामने आया था। इससे पहले रविवार को, नीतीश कुमार ने कहा कि जब विपक्षी गठबंधन मुंबई में अपनी आगामी बैठक करेगा तो कुछ और राजनीतिक दलों के भारत में शामिल होने की संभावना है।

### नीतीश के इनकार के बाद सामने आया मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम, बनाए जा सकते हैं I.N.D.I.A. के संयोजक

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को इंडिया गठबंधन के समन्वयक के रूप में आगे किया जा सकता है। मुंबई मीटिंग में उनके नाम का ऐलान किया जाएगा। सूत्रों का दावा है कि सभी पार्टी नेताओं ने खड़गे के नाम का समर्थन किया है। सूत्रों ने बताया कि जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने सुझाव दिया है कि कांग्रेस पार्टी के किसी व्यक्ति को इंडिया गठबंधन ब्लॉक के राष्ट्रीय संयोजक की भूमिका निभानी चाहिए। सूत्र ने कहा, जेडीयू ने यह सुझाव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा इंडिया का राष्ट्रीय संयोजक बनने से इनकार करने के बाद दिया है।



## राकेश रोशन के बाद ममता बनर्जी ने इंदिरा गांधी को चांद पर भेजा, फिर फिसली पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री जुबान



**कोलकाता (एजेंसी)।** फिल्म निर्माता राकेश रोशन के साथ भारतीय अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा की गलत व्याख्या करने के कुछ दिनों बाद, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को एक और विचित्र बयान दिया, जहां उन्होंने दावा किया कि पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी चंद्रमा पर गई थीं।

इंदिरा गांधी के शासनकाल में भारत की पहली अंतरिक्ष यात्रा को याद करते हुए, ममता ने कहा, 'जब इंदिरा गांधी चंद्रमा पर पहुंचीं, तो उन्होंने राकेश से पूछा कि वहां से हिंदुस्तान (भारत) कैसा दिखता है। उन्होंने जवाब दिया 'सारे जहां से अच्छा' हिंदुस्तान हमारा।' उन्होंने तृणमूल छात्र परिषद (टीएमसीपी) के स्थापना दिवस, 2023 पर एक रैली को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। इससे पहले, चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के लिए इसरो वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए राकेश शर्मा को राकेश रोशन बताने पर ममता बनर्जी की आलोचना हुई थी। भारत ने 23 अगस्त को इसरो के महत्वाकांक्षी तीसरे चंद्रमा मिशन चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल (एलएम) के चंद्रमा की सतह पर उतरने के साथ ही इतिहास रच दिया, जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाला चौथा देश बन गया और अज्ञात दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया। चंद्रमा पृथ्वी का एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह है। चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के तीन दिन बाद, इसरो ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की खोज कर रहे प्रज्ञान रोवर का फुटेज जारी किया। लैंडिंग के एक दिन बाद विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर को तैनात किया गया था, और इसने चंद्र सतह की खोज शुरू की, चंद्र चट्टानों और क्रेटरों को नेविगेट किया।

## कांग्रेस नेता का दावा, कुछ और दल इंडिया गठबंधन में शामिल होंगे


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने दावा किया है कि अभी कुछ और दल इंडिया गठबंधन में शामिल होने वाले हैं। कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक में हिस्सा लेने वाले 38 दलों में से चार से पांच दल 'इंडिया गठबंधन से संपर्क में हैं और उनमें से कुछ आने वाले दिनों में विपक्षी गुट में शामिल होंगे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संबोधित राजग की बैठक में हिस्सा लेने वाले 38 दलों में से कम से कम 4 से 5 राजनीतिक दल 'इंडिया गठबंधन के संपर्क में हैं। उनमें से कुछ के बहुत जल्द विपक्षी गुट में शामिल होने की उम्मीद है, जबकि कुछ (2024) चुनावों से पहले शामिल होंगे। बता दें कि राजग की बैठक पिछले महीने दिल्ली में हुई थी और इसमें कम से कम 38 दलों ने हिस्सा लिया था। शर्मा ने कहा कि देश की मौजूदा स्थिति को देखते हुए, यह महत्वपूर्ण नहीं है कि नेतृत्व कौन करेगा, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम सब मिलकर, एक मजबूत ताकत के रूप में, इस अहंकारी सरकार को कैसे हटा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में कोई भी नेतृत्व कर सकता है लेकिन कांग्रेस देश में सभी को एकजुट करने के लिए सभी राज्यों में मजबूत ताकत के रूप में काम करेगी।

इस दौरान शर्मा ने कहा कि वर्ष 2024 भारत का है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल की कैग रिपोर्ट और एनएचएआई (भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) तथा स्वास्थ्य एवं बीमा क्षेत्रों में सामने आए भ्रष्टाचार की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच नहीं करवाने के पीछे का राज कौन नहीं जानता। राहुल गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से अमेठी से चुनाव लड़ने के सवाल पर शर्मा ने कहा कि इस लोकसभा क्षेत्र से पारंपरिक रूप से गांधी परिवार चुनाव लड़ता रहा है और स्थानीय लोगों के उनके साथ परिवारिक संबंध हैं। अमेठी के लोग भी हमेशा चाहते हैं कि गांधी परिवार का कोई व्यक्ति वहां से चुनाव लड़े, इसलिए राहुल वहां से चुनाव लड़ सकते हैं।

# अजित पवार पर सुप्रिया सुले का पलटवार, अभी भी एनसीपी के बॉस शरद पवार हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के इस दावे के एक दिन बाद कि उनके राकांपा सहयोगियों ने उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है, बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने मंगलवार को कहा कि शरद पवार 1999 में पार्टी की स्थापना के बाद से राकांपा अध्यक्ष बने हुए हैं। सुले ने कहा कि लोकतंत्र में वे जो चाहें कह सकते हैं... इसका मतलब यह नहीं है कि यह सच है। अजित पवार ने सोमवार को पुणे में संवाददाताओं से कहा कि मेरे सहयोगियों ने मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है, इसलिए मैं... हूं।' अजित पवार ने राकांपा से अलग हुए धड़े के नेता सुनील तटकरे की एक टिप्पणी का जवाब देते हुए यह बयान दिया।

सुनील तटकरे ने कहा था कि अजित पवार हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और हमने चुनाव आयोग के समक्ष अपनी प्रस्तुति में यही कहा है। हमें विश्वास है कि चुनाव आयोग का निर्णय हमारे अनुरूप होगा। अजित पवार के दावे के बारे में पूछे जाने पर सुले ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में कोई भी किसी पार्टी का मालिक नहीं होता है। जनता ही असली मालिक है। हमारे लिए, शुरुआत से ही जब 1999 में पार्टी की स्थापना हुई थी, शरद पवार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। और जयंत पाटिल राज्य पार्टी अध्यक्ष हैं। पिछले हफ्ते कोल्हापुर में शरद पवार ने भी दावा किया था कि वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं। शरद पवार ने कहा कि एक विधायक का मतलब एक पार्टी नहीं है। हमारी पार्टी में कुछ विधायकों ने अलग रुख अपनाया है, ये सच्चाई है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि वो एक पार्टी हैं। जब इन लोगों से पूछा गया कि राकांपा अध्यक्ष कौन है, तो उन्होंने कहा कि शरद पवार... मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष हूं और जयंत पाटिल प्रदेश अध्यक्ष हैं।



### 23 अगस्त को मनेगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस, केंद्रीय कैबिनेट ने पीएम की घोषणा पर लगाई मुहर

नई दिल्ली। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग को चिह्नित करते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में घोषित किया। कैबिनेट ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए काम करने वाले इसरो वैज्ञानिकों की ऐतिहासिक सफलता की सराहना की। यह वैश्विक मंच पर हमारी ताकत का प्रतीक है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट बैठक के बाद आयोजित ब्रीफिंग में कहा, यह (कैबिनेट) 23 अगस्त को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' के रूप में मनाने के कदम का भी स्वागत करता है। मंत्री ने कहा कि कैबिनेट को इस बात पर गर्व है कि हमारी महिला वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 मिशन की सफल लैंडिंग में योगदान दिया। इससे महिला वैज्ञानिकों की अगली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी। कैबिनेट ने भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के प्रति उनके दृष्टिकोण और नेतृत्व के लिए पीएम मोदी को भी धन्यवाद दिया। 26 अगस्त को बेंगलुरु में इसरो कमांड सेंटर की अपनी यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने यह घोषणा की थी।

## अगर 2024 में भाजपा सरकार बनी तो हो सकता है भविष्य में हम और आप वोट न डाल पाएं : अखिलेश यादव

**मऊ (उप्र) (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आशंका प्रकट की कि अगर 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की वापसी होती है तो हो सकता है कि हम और आप भविष्य में कभी वोट न डाल पाएं। यादव ने मंगलवार को घोसी विधानसभा के उपचुनाव के लिए सपा उम्मीदवार सुधाकर सिंह के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित किया।

अपने संबोधन में उन्होंने सपा को समर्थन देने वाले कांग्रेस, वामदलों के नेताओं के अलावा सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के महेंद्र राजभर के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि "इनका दल (महेन्द्र राजभर) चुनाव लडना चाहता था, लेकिन इनके दल के प्रत्याशी को चुनाव लड़ने नहीं दिया। उनका पर्चा भी नहीं भरने दिया।" यादव ने आरोप लगाया कि "यह भाजपा का नया तरीका है। लोकतंत्र में भाजपा ने नया तरीका अपनाया है कि लोगों को चुनाव मत लड़ने दो।" यादव ने आशंका प्रकट करते हुए कहा कि याद रखना, अभी तो ये इन्हें रोक रहे हैं, अगर ये (भाजपा) 2024 में सरकार बना ले गये तो हो सकता है कि हम और आप भी भविष्य में कभी वोट न डाल पाएं।

गौरतलब है कि घोसी विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए 18 अगस्-?त को नामांकन पत्रों की जांच में कमियां पाये जाने के बाद छह उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को निरस्-?त कर दिया गया था। घोसी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया था कि घोसी में होने वाले उप चुनाव के लिए कुल दाखिल 17 नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान छह नामांकन पत्रों में विभिन्न कमियां पाए जाने के कारण उन्हें निरस्त किया गया। जिन नामांकन पत्रों को निरस्-?त किया गया, उनमें सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के उम्मीदवार अरविंद कुमार राजभर का भी नामांकन पत्र शामिल था। सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी का गठन हाल में पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अगुवाई वाले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) से विद्रोह करने वाले महेन्द्र राजभर समेत कई नेताओं ने मिलकर किया है। ओमप्रकाश राजभर 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा के साथ मिलकर चुनाव लड़े और राज्य की 403 सदस्यीय विधानसभा में छह सीटों पर जीत हासिल की।

इस समय वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में हैं और उन्होंने घोसी विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान को समर्थन दिया है। घोसी विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान पांच



सितंबर को जबकि वोटों की गिनती आठ सितंबर को होनी है। घोसी सीट 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के टिकट से विजयी हुए दारा सिंह चौहान के पिछले महीने भाजपा में शामिल होने और सदस्यता से त्यागपत्र देने के कारण रिक्त हुई है। भाजपा ने उपचुनाव में दारा चौहान को ही अपना उम्मीदवार बनाया है। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नहीं उतारा है। इस बीच कांग्रेस और वामपंथी दलों ने सपा के सुधाकर सिंह को अपना समर्थन दिया है।

## पाकिस्तान में आटा चुराने पर बच्चे को खंभे से बांधकर पीटा

लाहौर । पाकिस्तान की कंगाली पर पूरी दुनिया चर्चा कर रही है। यहां बढ़ती महंगाई से बेहाल होता जा रहा है। पूरा मुल्क महंगाई से जूझ रहा है। अब देश में राशन चुराने जैसे हालात बन गए हैं। इस बीच एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। सादिक नाम के एक निर्दयी दुकानदार ने एक बच्चे को आटा चुराने के आरोप में जमकर पीटा है। दुकानदार ने बच्चे को पहले खंभे से बांधा फिर बच्चे को प्रताड़ित किया। रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो में बच्चे को सादिक द्वारा खंभे से बांधकर पीटते हुए देखा गया। यह घटना मियां चन्नू के बोरा चौक इलाके में हुई है। वायरल वीडियो से लोग आक्रोशित हुए। घटना पर कोई कार्रवाई नहीं करने के लिए स्थानीय अधिकारियों की आलोचना की। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई और घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी दुकानदार को तुरंत हिरासत में ले लिया। चोरी का वीडियो जून में भी वायरल हुआ था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें पंजाब के चिश्तियन शहर में एक व्यक्ति कथित तौर पर सोने की अंगूठियां चुराने की सजा के तौर पर अपने चचेरे भाई को उल्टा लटका रहा है। उस व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने रिश्तेदार को सोने के आभूषण चुराने के लिए प्रताड़ित किया था।

## इटली पर मौसम की मार, प्रचंड गर्मी के बाद बारिश और बाढ़

रोम । इटली के पर्वतीय क्षेत्रों में भूस्खलन के बाद दर्जनों लोगों को वहां से हटाया गया। एक विशाल चट्टान के खिसकने से सुरंगों तक पहुंच अवरुद्ध होने के कारण फ्रांस और इटली के बीच ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से रोका गया है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रचंड गर्मी के कुछ ही दिनों बाद, इटली में अब तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण तापमान में भारी गिरावट देखी जा रही है, इसकारण भूस्खलन और बाढ़ की चेतावनी दी जा रही है। भूस्खलन के कारण अल्पाइन शहर कॉर्टिना डीअम्पेज़ो के पास लगभग 70 लोगों को निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा, और मिलान के उत्तर में लोम्बार्डी के वाल्टेलिना क्षेत्र में बाढ़ के बाद एक दर्जन अन्य लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाना पड़ा। सड़कें बंद कर दी गईं और जेनोआ, मिलान, ट्यूरिन और वेरोना शहरों सहित पूरे उत्तरी इटली में बाढ़ की चेतावनी जारी कर दी गई। वेनिस में, इस वर्ष एक उच्च तकनीक बाढ़-रोधी प्रणाली का उपयोग किया गया था, क्योंकि शहर को अगस्त में बाढ़ के खतरे का सामना करना पड़ा था। आम तौर पर, देश के उस हिस्से में बाढ़ का मौसम अक्टूबर में शुरू होता है। यह सब देश में गर्मियों की तीसरी बड़ी लू की समाप्ति के कुछ ही दिनों बाद आता है। पिछले शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा था कि देश के 27 सबसे बड़े शहरों में से 19 शहरों के लिए अत्यधिक गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। उच्च तापमान से युवा और स्वस्थ व्यक्तियों के स्वास्थ्य को भी खतरा हो सकता है। सप्ताहांत में, ठंडी मौसम प्रणाली के कारण देश में तापमान कम हो गया। सोमवार को केवल एक शहर रेड अलर्ट के तहत था। दोनों देशों के ट्रेन ऑपरेटरों के अनुसार, इटली के पीडमोंट क्षेत्र को आल्प्स के पार फ्रांस के अल्पाइन सेवॉय क्षेत्र से जोड़ने वाली ट्रेन सेवा रविवार को फ्रांस की मौरिएन घाटी में चट्टान खिसकने के कारण बंद कर दी गई। यह कई दिनों या एक सप्ताह तक भी बंद रह सकती है। दक्षिणी इटली में तापमान गिर रहा था, लेकिन देश के बाकी हिस्सों में बारिश नहीं हुई। कई सप्ताह के सूखे के बाद, आग का खतरा बना रहा और सिसिलिया की राजधानी पलेर्मो के आसपास और सार्डिनिया द्वीप के ग्रामीण हिस्सों में नई जंगल की आग की खबरें आईं।

## कीव में मारे गए सैनिकों की कब्र पर नाचते दिखी महिलाएं

कीव । 24 अगस्त को यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर मारे गए सैनिकों की कब्र पर नाचते हुए खुद का वीडियो पोस्ट करने वाली यूक्रेनी महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। इंस्टाग्राम पर यूजर हैंडल द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में दो महिलाओं को कब्रों पर नाचते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो में मारे गए सैनिकों की तस्वीरें भी दिखाई गई हैं, जहां महिलाएं कब्र पर डांस कर रही हैं। वीडियो को बाद में हटा दिया गया और इंस्टाग्राम पर उस यूजर ने एक माफीनामा पोस्ट करते हुए कहा कि वे अपने पिता की कब्र पर जा रहे थे। यूक्रेनी पुलिस ने कहा है कि उन्हें ये क्लिप गुरुवार शाम को मिली। कीव पुलिस ने बयान में कहा गया, 'एक घंटे से भी कम समय में, कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने (महिलाओं का) पता लगा लिया और उन्हें पुलिस विभाग में ले आए। बयान में कहा गया है कि दोनों महिलाओं को 'सैनिकों की कब्रों के अपमान' के आरोप में 'पांच साल तक की सज़ा' का सामना करना पड़ेगा। बाद में पता चला कि दोनों बहनें मृतकों की स्मृति का सम्मान करने के लिए कब्रिस्तान में इस तरह आई थीं। यूक्रेनी पुलिस ने बाद में दोनों महिलाओं की तस्वीरें प्रकाशित कीं, जो तब भी वही कपड़े पहने हुए थीं जो उन्होंने वीडियो में पहने थे, उनके साथ एक पुलिस अधिकारी भी था।

## अमेरिका में फिर दिख रहा कोरोना का असर

न्यूयॉर्क । गर्मियों के अंत में कोरोना संक्रमण की नई लहर ने स्कूलों, कार्यस्थलों और लोकल सरकार को प्रभावित किया है। विशेषज्ञों ने लोगों को शरद ऋतु और सर्दियों में और अधिक कोविड-19 फैलने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है। रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्रों के ताजा आंकड़ों के अनुसार 12 अगस्त को समाप्त दो सप्ताह की अवधि में अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार अपशिष्ट जल की निगरानी से पता चलता है कि अमेरिका में पश्चिम और पूर्वोत्तर में हाल ही में कोविड संक्रमण में वृद्धि हुई है। पूरे अमेरिका में हाल के सप्ताहों में प्रीस्कूलों, ग्रीष्मकालीन शिविरों और ऑफिस में इसका प्रकोप बढ़ा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि कोविड अस्पताल में भर्ती होने की नवीनतम वृद्धि अभी भी अपेक्षाकृत कम है और अधिकांश बीमार लोग हल्के लक्षणों का अनुभव कर रहे हैं जो सर्दी या फ्लू के बराबर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश अमेरिकियों ने लगातार टेस्ट, मास्क पहनने और आइसोलेशन के दिनों में लौटने की बहुत कम इच्छा दिखाई है। संक्रामक रोग अनुसंधान और नीति केंद्र के निदेशक माइकल टी ओस्टरहोम ने कहा, 'महामारी शुरू होने के बाद से हम लगभग सबसे अच्छे समय में हैं। उन्होंने कहा, 'लेकिन हम महामारी युद्ध के कोहरे को छोड़कर यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि सामान्य पोस्ट-कोविड दुनिया में सूर्योदय कैसा दिखता है, के बहुत असुविधाजनक क्षेत्र में फंस गए हैं।

## चुनावी नतीजे पलटने की साजिश के आरोप में ट्रंप सहित 18 लोगों की पेशी

अटलांटा । जॉर्जिया प्रांत में 2020 के चुनाव परिणाम पलटने की साजिश रचने के आरोप में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित 18 अन्य लोगों की छह सितंबर को अदालत में पेशी हो सकती हैं। अदालत के रिकॉर्ड के अनुसार, न्यूयॉर्क के पूर्व महापौर रुडी गुइलियानी और व्हाइट हाउस के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ मार्क मीडॉज समेत सभी 19 बचावकर्ता छह सितंबर को पेश हो सकते हैं। उसी दिन वे याचिकाएं भी दायर कर सकते हैं। फुल्टन काउंटी अदालत के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि बचावकर्ता अदालत में मौजूद रहेंगे और उन्हें अदालत कक्ष में प्रवेश करते वक्त चेहरे पर मास्क लगाने का निर्देश दिया गया है। हालांकि ट्रंप के प्रवक्ता ने अभी इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। बचावकर्ता पहले भी फुल्टन काउंटी जेल में गिरफ्तारी के लिए पेश हुए थे। इस दौरान ट्रंप का 'मग शॉट' (गिरफ्तारी के बाद कैदी के रूप में ली जाने वाली तस्वीर) जारी किया गया था। यह अमेरिका के किसी पूर्व राष्ट्रपति का पहला 'मग शॉट' था। आरोपियों में से एक को छोड़कर बाकी सभी फुल्टन काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉनी फानी विल्स की शर्तों और मुचलके की राशि पर सहमत हो गए थे तथा उसके बाद उन्हें रिहा कर दिया गया था। फुल्टन काउंटी के चुनाव कार्यकर्ता को प्रताड़ित करने के आरोपी हैरिसन विलियन प्रेसकॉट फ्लॉयड इन शर्तों पर राजी नहीं हुए और वह जेल में बंद हैं। फ्लॉयड के एक वकील ने सोमवार को अदालत में कहा कि उनके मुवक्किल के लिए उचित मुचलका तय किया जाए और वह बचावकर्ताओं में इकलौते अफ्रीकी-अमेरिकी व्यक्ति हैं।

## फ्रांस के स्कूलों में बुर्के पर लगेगा बैन, शिक्षा मंत्री ने दिए आदेश

पेरिस । फ्रांस के स्कूलों में बुर्का पहनने पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार यहां अब धार्मिक कपड़ों पर बैन लगेगा। फ्रांस सरकार ने स्कूलों में लड़कियों के अबाया पहनने पर बैन लगाने का फैसला किया है। फ्रांस के शिक्षा मंत्री गैब्रियल एटॉल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में अबाया नहीं पहना जाएगा।



उत्तरी कोरिया में शीर्ष नेता किम जोंग उन नौसेना दिवस के अवसर पर हुए समरोह में भाग लेते हुए।

## अमेरिका को कुचलने के लिए तैयार हो जाओ...किम जोंग उ़न ने सेना को दे दिया बड़ा निर्देश

। कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अपने देश पर आक्रमण करने की अपने प्रतिद्वंद्वियों की साजिशों को विफल करने के लिए अपनी सेना से युद्ध के लिए तैयार रहने का आह्वान किया, राज्य मीडिया ने कहा। यह ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान ने त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास आयोजित किया है। अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाएं भी पिछले सप्ताह से अलग-अलग ग्रीष्मकालीन द्विपक्षीय अभ्यास कर रही हैं। किम जोंग उन ने देश के नौसेना दिवस के अवसर पर एक भाषण में कहा कि अमेरिका के नेतृत्व वाली शत्रुता के कारण कोरियाई प्रायद्वीप के जल क्षेत्र को परमाणु युद्ध के खतरे के साथ अस्थिर बना दिया गया है। उन्होंने अमेरिका पर अधिक उन्मत्त नौसैनिक अभ्यास करने का आरोप लगाया। अपने सहयोगियों के साथ और कोरियाई प्रायद्वीप के आसपास के पानी में रणनीतिक संपत्ति तैनात कर रहा है। किम जोंग उन ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक येओल और जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा को तीन देशों का गैंग बॉस कहा। उत्तर कोरियाई नेता ने कहा कि मौजूदा स्थिति में हमारी नौसेना को निरंतर युद्ध सतर्कता बनाए रखने और आकस्मिक स्थिति में युद्ध के लिए दुश्मन की इच्छा को तोड़ने के लिए तैयार रहने के लिए अपने सभी प्रयास करने की आवश्यकता है। दक्षिण कोरिया ने किम जोंग द्वारा दक्षिण कोरियाई, अमेरिकी और जापानी नेताओं की निंदा करने के लिए बहुत असभ्य भाषा के इस्तेमाल पर गहरा खेद व्यक्त किया। दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया को फ्लापरवाह धमकियों और उकसावे के साथ तनाव बढ़ाने वाले कृत्यों को तुरंत बंद करना चाहिए। उत्तर कोरिया का जासूसी उपग्रह अंतरिक्ष में लॉन्च करने का दूसरा प्रयास विफल हो गया था।

2022 की शुरुआत के बाद से उत्तर कोरिया ने 100 से

# चीन ने जारी किया नया मैप, अरुणाचल को फिर बताया अपना हिस्सा

### -जी-20 समिट से पहले चली नई चाल, अक्साई चिन इलाके, ताइवान भी शामिल



**बीजिंग (एजेंसी)।** नई दिल्ली में होने जा रही जी-20 समिट से कुछ ही दिन पहले चीन ने आधिकारिक तौर पर अपने 'मानक मानचित्र' के 2023 एडिशन को जारी किया, जिसमें अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चिन इलाके, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को कम्युनिस्ट देश का हिस्सा दिखाया गया है। इस मानचित्र के जरिये चीन इन इलाकों पर अपने दावों को मजबूत करने की मंशा रखता है। जबकि भारत ने बार-बार कहा है कि अरुणाचल प्रदेश उसका अभिन्न अंग है और हमेशा रहेगा। चीनी मीडिया ने एक्स पर चीन के 2023 के मानक मानचित्र को शेयर किया है। जानकारी के अनुसर चीन के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय के स्वामित्व वाली मानक मानचित्र सेवा की वेबसाइट पर इसे जारी किया गया। जिसका दावा है कि यह मानचित्र चीन और दुनिया के विभिन्न देशों की राष्ट्रीय सीमाओं की रेखांकन विधि के आधार पर बनाया गया है। जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और चीनी नेता शी जिनपिंग के साथ बैठक करने के एक हफ्ते से भी कम समय में बीजिंग ने 'मानक मानचित्र' के नाम पर नया मैप लॉन्च किया। इसमें गलत तरीके से भारत के कुछ हिस्सों को चीनी क्षेत्रों के रूप में दिखाया गया था।

गौरतलब है ?कि नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा से ठीक पहले इस मैप को जारी किया गया है। इसमें चीन के सीमा दावों के लिए दुनिया भर में मशहूर 9- डैश लाइन को फिर से बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया है। 9-डैश लाइन को 1940 के दशक में एक चीनी भूगोलवेत्ता ने मैप पर खींचा था। यह यू-आकार की रेखा है जो दक्षिण चीन सागर के 90 प्रतिशत हिस्से पर दावा करती है, जिसे फिलीपींस उत्तरी फिलीपींस सागर कहता है।

चीन का यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानूनों, विशेष रूप से समुद्र के कानूनों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के खिलाफ है। चीन हमेशा से ही अरुणाचल प्रदेश पर परोक्ष तौर पर अपना अधिकार जताता रहा है। भारत के किसी भी राजनेता के अरुणाचल में दौरे पर विरोध जताता रहा है। इसी साल चीन ने अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नाम बदले थे। इसके बाद भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से चीन को दो टूक जवाब देते हुए ये साफ कर दिया गया था कि हम इसे सिरे से खारिज करते हैं। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। इस तरह की कोशिश से वास्तविकता को नहीं बदला जा सकेगा।

# पाकिस्तान पर कहर ढह सकते हैं पुतिन

**मॉस्को (एजेंसी)।** पाकिस्तान द्वारा रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को हथियार देने की खबरों के बीच भारत में रूसी राजदूत ने कहा है कि मॉस्को इन खबरों पर करीब से नजर रख रहा है। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि मॉस्को रिपोर्टों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, क्योंकि ये जमीनी स्थिति को प्रभावित करती हैं और रूस विरोधी गतिविधियां हैं।

अलीपोव ने कहा, रिपोर्ट और सूचनाएं आई हैं, हम इस जानकारी को बहुत गंभीरता से लेते हैं। यदि इन खबरों की पुष्टि होती है, तब यह एक बहुत ही स्पष्ट रूस विरोधी कार्रवाई है, इस मॉस्को नजर अंदाज नहीं कर सकते। और जैसा कि मैंने कहा, हमने समाचारों और और रिपोर्टें को बहुत करीब से देखा है एवं उन्हें बहुत गंभीरता से लेते हैं, क्योंकि वे जमीनी हालात पर सीधा असर डालते हैं। गौरतलब है कि जहां भारत के रूस के साथ घनिष्ठ संबंध हैं, वहीं पाकिस्तान कथित तौर पर उन्नत हथियार हासिल करने के लिए रूस के बेहतर रिश्ते बनाने की कोशिश कर रहा है। रूस और भारत ने चीन एवं पाकिस्तान से खतरों का मुकाबला करने के लिए नई दिल्ली को एस-400 सहित हथियार आपूर्ति के लिए कई सौदे भी किए हैं।

अलीपोव ने कहा, जहां तक एस-400 की डिलीवरी का सवाल है, वे जारी हैं और उन आपूर्तियों में शामिल रूसी कंपनियों के प्रमुखों ने पुष्टि की है कि आपूर्ति समय पर और हमारे भारतीय भागीदारों के साथ पारस्परिक रूप से मंजूर कार्यक्रम के अनुसार पूरी होगी। हम अगले साल के अंत तक डिलीवरी पूरी करने के बारे में बात कर रहे हैं।

अलीपोव ने कहा कि रूस-भारत संबंध नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं और लगातार सुचारू रूप से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि आंकड़े कहते हैं, हम अपने देशों (भारत-रूस) के बीच आर्थिक विकास से बहुत संतुष्ट हैं। व्यापार बढ़ रहा हैज हम अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं, हम अर्थव्यवस्था, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न उन्नत क्षेत्रों में बातचीत बनाए हुए हैं।

## इस मुस्लिम देश में हिजाब ठीक से नहीं पहनना पड़ा भारी, मुंडवा दिए गए 14 लड़कियों के सिर

**इंडोनेशिया (एजेंसी)।** एक चौंकाने वाली घटना में इंडोनेशिया में एक स्कूल शिक्षक ने 12 से अधिक महिला छात्रों को हिजाब ठीक से नहीं पहनने के लिए आंशिक रूप से उनका सिर मुंडवा दिया। रिपोर्टों के अनुसार, पूर्वी जावा शहर लामोंगन में सरकारी स्वामित्व वाले जूनियर हाई स्कूल एसएमपीएन 1 में एक शिक्षक ने कम से कम 14 मुस्लिम छात्रों को अपने बाल आंशिक रूप से मुंडवाने के लिए मजबूर किया। प्रधानाध्यापक ने कहा कि स्कूल ने छात्रों और उनके अभिभावकों से माफी मांगी है और मीडिया रिपोर्टों के बाद शिक्षक को बर्खास्त कर दिया गया है।



इंडोनेशिया ने 2021 में स्कूल में हिजाब पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि द्वीपसमूह के रूढ़िवादी क्षेत्रों में मुस्लिम और गैर-मुस्लिम दोनों लड़कियों को काले हेडस्कार्फ़ पहनने के लिए मजबूर किया गया है। हालाँकि, प्रधानाध्यापक ने इस बात पर ज़ोर दिया कि छात्रों के लिए स्कूल परिसर में हिजाब पहनने की कोई बाध्यता नहीं है। लेकिन, साफ-सुथरा दिखने के लिए उन्हें अपने हेडस्कार्फ़ के नीचे अंदरूनी टोपी पहनने को कहा गया। गौरतलब है कि ईरान में इसी तरह की एक घटना में 21 वर्षीय मुस्लिम महिला महासा अमिनी को कथित तौर पर सड़कों पर हिजाब ठीक से नहीं पहनने के कारण हिरासत में 'मोरल पुलिस' द्वारा मार दिया गया था। इसके चलते देश में महीनों तक व्यापक विरोध प्रदर्शन हुआ।

## महिलाओं के लिए समान वेतन पर मिशेल ओबामा का सशक्त संदेश, कहा- हम सचेत और सतर्क नहीं हैं



**टोक्यो (एजेंसी)।** अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने यूएस ओपन में महिला एथलीटों के लिए समान वेतन की वकालत की। फ्लशिंग मीडोज न्यूयॉर्क में आर्थर ऐश स्टेडियम की भीड़ को संबोधित करते हुए मिशेल ओबामा ने बिली जीन किंग को सम्मानित किया, जिन्होंने 1973 यूएस ओपन में पहली बार प्रायोजकों और यूनाइटेड स्टेट्स टेनिस एसोसिएशन को समान पुरस्कार राशि की सुविधा देने के लिए प्रेरित किया था। मिशेल ओबामा ने कहा कि अन्य सभी बड़ी प्रतियोगिताओं का अनुसरण करने में 34 साल लगेंगे और आज भी, बहुत सारे टूर्नामेंट हैं जिनमें महिलाओं को समान वेतन देने की आवश्यकता है। यह तब हुआ है जब ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में विश्व कप के दौरान हाल के हफ्तों में महिलाओं के खेल में समान वेतन को लेकर बातचीत जारी रही। मिशेल ओबामा ने अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में एक छोटे से पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली अपनी दोस्त की दुर्दशा का संदर्भ देते हुए कहा बिली जीन के पास एक विकल्प था। वह अपना सिर नीचे रख सकती है, टूर्नामेंट दर टूर्नामेंट जीतती रह सकती है और जो भी चेक दिया जाए उसे स्वीकार कर सकती है। हमें याद रखना चाहिए कि यह सब एक चैंपियन की तनख्वाह से कहीं बड़ा है। यह इस बारे में है कि इस दुनिया में महिलाओं को कैसे देखा और महत्व दिया जाता है। दुख की बात है कि हमने देखा है कि अगर हम सचेत और सतर्क नहीं हैं।

जून में महिला टेनिस एसोसिएशन ने 2027 तक कुछ आयोजनों और 2033 तक सभी टूर्नामेंटों में पुरस्कार राशि को बराबर करने का एक मार्ग रेखांकित किया। ओहियो के सिनसिनाटी में इस महीने के वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन में पुरुष और महिला एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच और कोको गॉफ ने 1.02 डॉलर कमाए।

## तोशाखाना केस में सजा पर लगी थी रोक, अब दूसरे मामले में फिर गिरफ्तार हुए इमरान खान

इस्लामाबाद । इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने मंगलवार को तोशाखाना मामले में पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान की तीन साल की सजा को निलंबित कर दिया। हालाँकि, आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिए हाल ही में स्थापित एक विशेष अदालत ने अटक जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सिफर मामले में इमरान को न्यायिक लॉकअप में रखें और 30 अगस्त (कल) को इस संबंध में पेश करें। अटक जेल अधीक्षक को संबोधित एक पत्र में विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत मुहम्मद ज़ुल्कारनैन ने कहा कि आरोपी इमरान खान नियाज़ी पुत्र इकरामुल्ला खान नियाज़ी निवासी ज़मान पार्क, लाहौर है। उपरोक्त वर्णित एफआईआर के मामले में न्यायिक रिमांड का आदेश दिया गया है, जो पहले से ही जिला जेल, अटक में बंद है। सिफ़र मामला एक राजनयिक दस्तावेज़ से संबंधित है जो कथित तौर पर इमरान के पास से गायब हो गया था। पीटीआई का आरोप है कि इसमें अमेरिका की ओर से इमरान को सत्ता से बाहर करने की धमकी दी गई थी। इसी मामले में पीटीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी के खिलाफ भी कार्यवाही चल रही है। तोशखाना मामले में बहुप्रतीक्षित आदेश की घोषणा आईएचसी की मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति तारिक महमूद जहांगीरी की खंडपीठ ने पूर्व प्रधानमंत्री की जेल की सजा के खिलाफ अपील पर की थी।

# हेली ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर हमला कर कहा, कोई भी महिला उनसे बेहतर

**लाहौर (एजेंसी)।** वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस पर ताजा हमला कर साथी भारतीय-अमेरिकी और रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा है कि उनके राष्ट्रपति पद की संभावना से हर अमेरिकी को सिहरन होनी चाहिए।

हेली, जिन्होंने हैरिस को अक्षम और अविश्वसनीय रूप से चरमपंथी कहा है, ने 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में डेमोक्रेट के जीत दर्ज करने पर उपराष्ट्रपति के नेता बनने की संभावना पर चिंता व्यक्त की। मेरी चिंता यह है कि हम कमला हैरिस को राष्ट्रपति नहीं बना सकते। हम इसका मौका नहीं दे सकते। हेली ने बताया, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास एक नई पीढ़ी का नेता है जो न केवल रिपब्लिकन को लाएगा, बल्कि हम निर्दलीयों को भी वापस खींच लेने वाले हैं।

हम उपनगरीय महिलाओं को वापस लाने जा रहे हैं, हम हिस्पैनिक लोगों को लाने जा रहे हैं। हम एशियाई समुदाय को लाने जा रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम इसे जीतें, क्योंकि कमला हैरिस के राष्ट्रपति बनने के विचार से हर अमेरिकी को सिहरन होनी चाहिए। पिछले सप्?ताह पहली रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस में, दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर ने कहा था कि कोई भी कमला हैरिस से बेहतर है। उनका तर्क है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन को वोट देने का मतलब उनके 2024 के चल रहे साथी हैरिस को वोट देना है। उनके विचार साथी रिपब्लिकन रणनीतिकारों से मेल खाते हैं, जिनकी राय है कि हैरिस बाइडेन के झुर्रियों वाले पंजे का कांटा हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, हेली के ताजा हमले पर प्रतिक्रिया देकर लेखिका जेमले हिल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत नस्लवादी हैं क्योंकि वह नहीं चाहतीं कि हैरिस राष्ट्रपति बनें। हेली, जो कहती हैं कि अब व्हाइट हाउस में एक बदमाश महिला को रखने का समय आ गया है, लोकप्रियता सर्वेक्षणों में अपने पूर्व बॉस डोनाल्ड ट्रम्प और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस से बहुत पीछे हैं। हाल ही में सर्वेक्षण से पता चला कि 53 प्रतिशत संभावित मतदाताओं ने ट्रम्प को प्राथमिकता दी। हेली डेसेंटिस और साथी



भारतीय-अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी से काफी पीछे रहकर पांचवें स्थान पर रहीं। लेकिन वह इस बात पर जोर देती हैं कि दौड़ वास्तव में अभी शुरू हुई है। इस बीच, हाल ही में सर्वेक्षण में पाया गया कि 49 प्रतिशत उत्तरदाताओं की हैरिस के बारे में नकारात्मक राय है, जबकि सर्वेक्षण में शामिल 32 प्रतिशत लोगों की उपराष्ट्रपति के बारे में सकारात्मक राय है।

संपादकीय

# जैन धर्म को कैसे सुरक्षित रखे

भौतिक चकाचौंध के इस युग में कोई भी किसी भी धर्म का हो वह अछूता नहीं है । चकाचौंध में सब रम गये है । अब यह प्रश्न उठनासही है की हम जैन धर्म को कैसे , कहाँ व कब तक आदि सुरक्षित रख सकते है । मैंने देखा , समझा , अनुभव किया है की तत्व ज्ञान की जानकारी वाले सीमित रह गये है । यह सिमितता यह दिखला रही है की धर्म के प्रति विशेष रुचि व लगाव आदि कम हो रहा है । अध्यात्म जगत के दिनकर, मनीषा के शिखर पुरुष,प्रज्ञा के निर्झर,तेरापंथ धर्मसंघ के ग्यारहवे आचार्य श्री महाश्रमण जीव अन्य पाँच महाव्रत धारी साधु - साध्वियाँ प्रवचन , सार - सँभाल व क्षेत्रों में अहिंसा यात्रा आदि के माध्यम से धर्म के प्रति मूल आस्थाको सब जगह मजबूत करने में सतत् प्रयत्नशील हैं। उपासक , उपासिकाये आदि भी अपना योगभूत योगदान प्रदान कर रही है । किसी नेकहा की - अंनेकांत है निर्मल दर्पण, श्रद्धामय हो अगर समर्पण । परम सत्य बिंबित हो जाता, भावों का पाकर स्पंदन । जैन दर्शकासम्यक् दर्शन ।ज्ञात अल्प, अज्ञात अनन्त है, वीतराग पथ अति दुरंत है । मुक्ति पथ का द्वार खोलता, साम्यबोध से आप्लावित मन। जैनदर्शन का सम्यक् दर्शन । सूक्ष्म सत्य अहेतुगम्य है, तर्क, युक्ति भी तो प्रणम्य है । यह मिलता है नवनीत तभी जब, पूर्वाग्रह से मुक्तविमर्शन। जैन दर्शन का सम्यक् दर्शन । योग जहाँ निश्चित वियोग है, त्याग धर्म, अधर्म भोग है । हिंसा तीन काल मे हिंसा, शाश्वत है येसत् दिग् दर्शन । जैन दर्शन का सम्यक् दर्शन ।जड-चेतन से निर्मित सृष्टि, होती जब करूणा की वृष्टि । समता, सहअस्तित्व समन्वय, उपादेय सारे स्पन्दन । जैन दर्शन का सम्यक् दर्शन । सचमुच यह सब हमारे ध्यान में रहे निरन्तर तो मैं कह सकता हूँ की जैन धर्म सेविमुख होने का मन कभी कहेगा ही नहीं । आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी व वर्तमान आचार्य श्री महाश्रमण जी ने केवल जैन धर्म के अनुयायीयोंके लिए नही वरन् समूचे विश्व उत्थान को अपने विचारों का अमृत प्रदान किया व कर रहे है । दिन-दुःखी को वाणी प्रदान करकरुणा-संवेदना के हिमायती रहे हैं । आज जिसके मन में संवेदना है करुणा भाव है उसकी नौली में निन्यानबे रुपये हैं और उसके विपरीतजो हर तरह से सम्पन्न है पर कृपण, करुणाहीन है तो उसकी नौली में एक रूपैया है निन्नयानबे बाक़ी हैं । इंसान संवेदना का जीताजागता प्रतीक हैं । हम जैनी प्राणी मात्र के प्रति दया एवं करुणा का भाव रखते है यह विश्वप्रसिद्ध है की हम एक चींटी को भी नही मारतेऐसे में अमानवीय कृत्य शर्मनाक है । केवल और केवल उस जीवन देने वाले के अलावा किसी को अधिकार नही किसी निरपराध प्राणीकी हत्या करे या उसे दुःख पहुँचाये । भगवान नेमिनाथ - करुणा के अथाह सागर थे । पशुओं की करूण पुकार सुन राजुल से सात जन्मोंकी प्रीत तोड़ कर्म काटने गढ़-गिरनार गये वहाँ भवपार किया । इंसान की प्रकृति की महानता उसकी संवेदना ही है किसी को लूटने सेपहले,तड़पाने से पहले,सताने से पहले आदि हम कर्मों की मार से डरे ।



प्रदीप छाजेड़ ( बोरावड़ )

## आज का राशीफल

**मेष** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आपके वर्चस्व तथा प्रभाव में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे।

**वृषभ** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे।

**मिथुन** प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। आर्थिक लाभ होगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा।

**कर्क** पारिवारिक जनों के मध्य सुखद समाचार मिलेगा। रोजी रोजगार के प्रयास सफल होंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह** व्यावसायिक योजना सफल होगी। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। वाणी की सौम्यता से रुके हुए कार्य सम्पन्न होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। नए अनुबन्ध प्राप्त होंगे।

**कन्या** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। आय के नए स्त्रोत बनेंगे। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे।

**तुला** पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें चोरी या खोने की आशंका है।

**वृश्चिक** आय और व्यय में संतुलन बनाकर रखें। व्यावसायिक दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। विरोधियों का पराभव होगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है।

**धनु** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। किया गया परिश्रम सार्थक होगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**मकर** राजनैतिक दिशा में किए गए प्रयास फलीभूत होंगे। व्यावसायिक व पारिवारिक समस्याएं रहेंगी। आर्थिक संकट से गुजरना होगा। वाणी की सौम्यता आपको सम्मान दिलायेगी।

**कुम्भ** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। टकराव की स्थिति आपके लिए हितकर नहीं होगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धन आगमन होगा। कुटुम्बजनों का सहयोग मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

**मीन** कार्यक्षेत्र में रुकावटों का सामना करना पड़ेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। भारी व्यय का सामना करना पड़ेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे।

# रक्षाबंधनः महकती रहें ये राखियां सदा



(लेखक- योगेश कुमार गोयल)

(रक्षाबंधन पर्व (30 अगस्त) पर विशेष)

रक्षाबंधन मनाए जाने के संबंध में अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांध दिया। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई।

रक्षाबंधन का पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई इस कच्चे धागे के बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं और उनके शील एवं मर्यादा की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है। रक्षाबंधन पर्व इस वर्ष 30 अगस्त को मनाया जा रहा है। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में कितनी महत्ता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बहनों के हाथ अपने भाईयों की कलाईयों पर राखियां बांधने के लिए मचल उठते हैं और कलाई पर बांधे जाने वाले मामूली से दिखने वाले इन्हीं कच्चे धागों से पक्के रिश्ते बनते हैं। पवित्रता तथा स्नेह का सूचक यह पर्व भाई-बहन को पवित्र स्नेह के बंधन में बांधने का पवित्र एवं यादगार दिवस है। इस पर्व को भारत के कई हिस्सों में श्रावणी के नाम से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में 'गुरु महापूर्णिमा', दक्षिण भारत में 'नारियल पूर्णिमा' तथा नेपाल में इसे 'जनेऊ पूर्णिमा' के नाम से जाना जाता है। रक्षाबंधन मनाए जाने के संबंध में अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांध दिया। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया था, तब उन्होंने एक ब्राह्मण वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। रक्षाबंधन पर्व से कई ऐतिहासिक प्रसंग भी जुड़े हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरूआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके देश की बेटियां उन वीर सैनिकों की आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा करती थी तथा वीर रस के गीत गाकर उनकी हौंसला अफजाई करते हुए उनसे राष्ट्र की रक्षा का प्रण भी कराती थी। कहा जाता है कि उस जमाने में अधिकांश मुस्लिम शासक हिन्दू युवतियों का बलपूर्वक अपहरण करके उन्हें अपने हरम की शोभा बनाने का प्रयास किया करते थे और ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए राजपूत कन्याओं ने बलशाली राजाओं को राखियां भेजकर उनके साथ भ्रातृत्व संबंध स्थापित कर अपने शील की रक्षा करनी आरंभ कर दी थी। उसी परम्परा ने बाद में रक्षाबंधन पर्व का रूप ले लिया। चितौड़ की महारानी कर्मावती का प्रसंग तो इस संबंध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। जब गुजरात के शासक बहादुरशाह ने चितौड़ पर आक्रमण कर दिया तो चितौड़ की महारानी कर्मावती घबरा गई। उन्हें चितौड़ के साथ-साथ स्वयं की तथा चितौड़ की अन्य राजपूत बालाओं की सुरक्षा का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। कोई उपाय न सूझने पर रानी कर्मावती ने बादशाह हुमायूं को राखी के धागे में रक्षा का पैगाम भेजा और हुमायूं को अपना भाई मानते हुए उनसे अपनी सुरक्षा की प्रार्थना की। बादशाह हुमायूं महारानी कर्मावती का यह रक्षासूत्र और संदेश पाकर भाव विभोर हो गए और अपनी इस अनदेखी बहन के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाने तुरन्त अपनी विशाल सेना लेकर चितौड़ की ओर रवाना हो गए लेकिन जब तक वह चितौड़ पहुंचे, तब तक महारानी कर्मावती और चितौड़ की हजारों वीरांगनाएं अपने शील की रक्षा हेतु अपने शरीर की अग्नि में आहूति दे चुकी थी। उसके बाद हुमायूं ने महारानी कर्मावती की चिता की राख से अपने माथे पर तिलक लगाकर बहन के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए जो कुछ किया, वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया तथा इसी के साथ रक्षाबंधन पर्व के इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय भी जुड़ गया। इस ऐतिहासिक घटना के बाद ही यह परम्परा बनी कि कोई भी महिला या युवती जब किसी व्यक्ति को राखी बांधती है तो वह व्यक्ति उसका भाई माना जाता है।

समय के साथ-साथ रक्षाबंधन पर्व के स्वरूप और मूल उद्देश्य में बहुत बदलाव आया है। तेजी से आधुनिकता की ओर अग्रसर आज के इस भागदौड़ भरे और स्वार्थपरक जमाने में जहां बहनों के लिए अब राखी का अर्थ भाई से महंगे उपहार तथा नकदी इत्यादि पाना हो गया है, वहीं भाई भी अपनी निजी जिन्दगी की व्यस्तताओं के चलते बहनों के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन सही ढ़ंग से नहीं कर पाते। ऐसे में यह पवित्र पर्व अब रुपये-पैसे तथा साड़ी, आभूषण व अन्य कीमती उपहारों इत्यादि के लेन-देन का पर्व बनता जा रहा है और भाई-बहन के बीच राखी का मोलभाव होने की वजह से धीरे-धीरे इस पर्व की मूल भावनाएं सिकुड़ रही हैं। कच्चे धागों की जगह रेशम के धागों ने ले ली और अब इन धागों की अहमियत कम होती जा रही है। रक्षाबंधन महज कलाई पर एक धागा बांधने की रस्म नहीं है बल्कि यह भाई-बहन के अटूट स्नेह, पवित्रता और सद्भावना का पर्व है। यह पर्व रिश्तों की पवित्रता और वचनबद्धता का प्रतीक है। इसलिए रक्षाबंधन पर्व को चंद रुपयों या कीमती उपहारों से तोलकर देखना इस पर्व के अंतस में विद्यमान पवित्र भावना का अपमान है।

(लेखक 33 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार तथा कई पुस्तकों के लेखक हैं)

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन

(लेखक - विजय कुमार जैन)

(रक्षाबंधन पर्व पर विशेष)

भारतीय संस्कृति में पर्वों का प्राचीनकाल से विशेष महत्व रहा है। प्रत्येक त्यौहार के साथ धार्मिक मान्यताओं, सामाजिक एवं ऐतिहासिक घटनाओं का संयोग प्रदर्शित होता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी अपना संदेश आम जनता तक पहुँचाने के लिये त्यौहारों एवं मेलों का मंच के रूप में उपयोग होता था। हम चर्चा कर रहे हैं ऐसे ही पर्व रक्षाबंधन की। रक्षाबंधन भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का प्रमुख त्यौहार माना जाता है जो श्रावण मास पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन बहन अपनी रक्षा के लिये भाई को राखी बांधती है। यह पर्व मात्र रक्षा का संदेश नहीं देता, अपितु प्रेम, समर्पण, निष्ठा व संकल्प के द्वारा हृदयों को भी बांधने का वचन देता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में कहा है मयि सर्व मिदंप्रोक्त सूत्रे मणिगणाइव अर्थात सूत्र अविच्छन्नता का प्रतीक है क्योंकि सूत्र/धागे बिखरे हुए मोतियों को अपने में पिरोकर एक माला में एकाकार बनाता है। माला के सूत्र की तरह रक्षासूत्र भी लोगों को जोड़ता है। पुराणों में रक्षाबंधन का उल्लेख मिलता है। रक्षा हेतु इन्द्राणी ने इन्द्र सहित देवताओं की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और इन्द्र ने राक्षसों से युद्ध में विजय पायी। एक कथा के अनुसार राजा बलि को दिये वचन अनुसार भगवान विष्णु बैकुंठ छोड़कर बलि के राज्य की रक्षा के लिये चले गये। तब देवी लक्ष्मी ने ब्राह्मणी का रूप धर श्रावण पूर्णिमा के दिन राजा बलि की कलाई पर पवित्र धागा बांधा, उनके कहने पर बलि ने भगवान विष्णु से बैकुंठ लौटने की विनती की। रावण की बहन शूर्पणखा लक्ष्मण के द्वारा नाक काटने के पश्चात रावण के पास पहुंची और खून से मैली साड़ी का एक छोर रावण की कलाई में बांध दिया और कहा भैया जब-जब आप अपनी कलाई को देखोगे आपकी अपनी बहन का अपमान याद आयेगा और मेरी नाक काटने बालों से तुम बदला ले सकोगे। भगवान श्री कृष्ण के हाथ में चोट लगने पर एक बार द्रौपदी ने अपनी चुनरी का किनारा फाड़ कर घाव पर बांध दिया था। दुशासन द्वारा द्रौपदी का चीरहरण प्रयास इसी बंधन के प्रभाव से असफल हुआ। श्री कृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा की। युधिष्ठिर ने एक बार श्रीकृष्ण से पूछा कि वह महाभारत के युद्ध में कैसे बचेंगे , जवाब में श्री कृष्ण ने कहा राखी का धागा ही तुम्हारी रक्षा करेगा। सिकन्दर व पौरस के युद्ध के पूर्व रक्षा सूत्र का आदान प्रदान हुआ था। दोनों ने रक्षा सूत्र की मर्यादा का पालन किया था। मुगल काल में मुगल सम्राट हुमायूँ चित्तौड़गढ़ पर आक्रमण करने बढ़ा तो राणा सांगा की विधवा कर्मवती ने हुमायूँ को राखी भेजकर अपनी रक्षा का वचन लिया। हुमायूँ ने इसे स्वीकार करके चित्तौड़ पर आक्रमण का विचार मन से निकाल दिया और आगे राखी का वायदा निभाने के लिये चित्तौड़ की रक्षा हेतु गुजरात के बादशाह से भी युद्ध किया।

स्वाधीनता आन्दोलन में भी बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधकर देश को आजाद कराने का वचन लिया। सन 1905 में बंग-भंग आन्दोलन का शुभारंभ एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर हुआ। आजादी के आन्दोलन की एक घटना चन्द्रशेखर आजाद से जुड़ी हुई है। आजाद एक तूफानी रात शरण लेने एक विधवा के घर पहुंचे। पहले तो उसने उन्हें डाकू समझकर शरण देने से मना कर दिया। बाद में यह पता चलने पर कि वह क्रांतिकारी आजाद है तो ससम्मान उन्हें घर के अंदर ले गई। बातचीत के दौरान आजाद को पता चला कि उस विधवा को गरीबी के कारण जबान बेटी की शादी हेतु काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।। यह जानकर आजाद को वहुत दुख हुआ। उन्होंने विधवा को प्रस्ताव दिया कि मेरी गिरफ्तारी पर पाँच हजार रुपये का इनाम है, तुम मुझे अंग्रेजों को पकड़वा दो और उस इनाम से बेटी की शादी कर देना, यह सुनकर विधवा रो पड़ी व कहा भैया तुम देश की आजादी हेतु अपनी जान हथेली पर रखकर चल रहे हो और न जाने कितनी बहू-बेटियों की इज्ज़त तुम्हारे भरोसे है, मैं हरगिज ऐसा नहीं कर सकती। यह कहते हुए उसने एक रक्षा सूत्र आजाद के हाथ पर बांधकर देश सेवा का वचन लिया। सुबह जब विधवा की आँख खुली तो आजाद जा चुके थे और तकिये के नीचे पाँच हजार रुपये रखे हुए थे, साथ ही उसके साथ एक पर्चा रखा था जिस पर लिखा था कि अपनी प्यारी बहन हेतु एक छोटी सी भेंट - आजाद। भारत में रक्षाबंधन का त्यौहार अलग अलग तरीकों से अपनी मान्यता अनुसार मनाया जाता है। मुंबई के समुद्री क्षेत्रों में नारियल पूर्णिमा या कोकोनट फुलमून के नाम से मनाया जाता है। उत्तराखंड के चम्पावत जिले के देवीधूरा में राखी पर्व पर बाराहीदेवी को प्रसन्न करने के लिये पाषाणकाल से ही पत्थर युद्ध का आयोजन किया जाता है। इस युद्ध में आज तक कोई भी गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ। जैन धर्म में रक्षाबंधन पर्व का विशेष महत्व है। प्राचीन काल में मुनि अकम्पनाचार्य आदि 700 मुनियों पर असुरों द्वारा हस्तिनापुर में उपसर्ग किया। सभी मुनियों को बंदी बनाकर बलि देने का निर्णय लिया। मुनि विष्णु कुमार को इसका पता चला तो उन्होंने अपनी वैक्रिया ऋद्धि के द्वारा असुर शक्तियों को निर्बल किया तथा 700 मुनियों की मुनि अकम्पनाचार्य सहित रक्षा की। मुनियों की रक्षा की स्मृति में यह रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है।700 जैन मुनियों की रक्षा हुई थी, रक्षाबंधन पर्व का नाम करण जैनाचार्य संत शिरोमणी विद्या सागर जी के परम प्रभावक शिष्य निर्यातक मुनि सुधा सागर जी श्रमण संस्कृति रक्षा दिवस किया है।इस दिन जैन मंदिरों में 700 मुनियों की रक्षा के उपलक्ष्य में श्रमण रक्षा विधान पूजन किये जाते है। सभी 700 जैन मुनियों का स्मरण कर उन्हें अर्घ चढ़ाये जाते हैं। मुनि सुधा सागर जी जिस तीर्थ या नगर में चातुर्मास करते हैं वहाँ श्रमण संस्कृति रक्षा विधान पूजन भक्ति भाव से उनके पावन सानिध्य की जाती है। 30 अगस्त को आगरा महानगर में श्रमण संस्कृति रक्षा विधान मुनि सुधा सागर जी ससंघ के पावन सानिध्य में भक्ति भाव से आयोजित किया जा रहा है।इस अवसर पर धर्म और संस्कृति की रक्षा के प्रतीक रक्षासूत्र बांधते हैं। रक्षाबंधन पर्व की एक रोचक घटना हरियाणा के फतेहपुर गाँव की है। फतेहपुर में सन 1857 में एक युवक गिरधरलाल को रक्षाबंधन के दिन अंग्रेजों ने तोप से बांधकर उड़ा दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने गिरधरलाल को शहीद का सम्मान देकर रक्षाबंधन पर्व मनाना बंद कर दिया। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सन 2006 में इस गाँव के लोगों ने रक्षाबंधन पर्व पुनः मनाने का संकल्प लिया। रक्षाबंधन पर्व का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व है। यह पर्व हमारे सामाजिक परिवेश एवं मानवीय मूल्यों का अभिन्न अंग है। आज आवश्यकता है आडंबर के बजाय इस त्यौहार के पीछे छुपे हुए संस्कारों और नैतिक मूल्यों का सम्मान किये जाने की।तभी व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र का कल्याण संभव होगा।

(नोट-- लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष है।)

विचार मंथन

# 50 लाख के मकान में 18 लाख का प्रत्यक्ष टैक्स?

(लेखक- सनत जैन)

- कैसे हो सस्ते मकान का सपना साकार

केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा मकान निर्माण में उपयोग होने वाले सभी वस्तुओं पर भारी टैक्स लगा दिया गया है। जिसके कारण मकानों की कीमत साल दर साल लगातार बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद के अध्यक्ष राजन बंदेलकर ने सरकार से कहा है, कि सस्ते मकान बनाना अब भारत में संभव नहीं है। मकानों पर लगने वाले टैक्स को हटाने और कम करने की जरूरत है। वर्तमान में यदि 50 लाख रुपए का मकान जो बाजार में बिक रहा है। उसमें लगभग 18 लाख रुपए का टैक्स लग रहा है। जिसके कारण मकान की कीमत दिनोंदिन लगातार बढ़ती ही जा रही है। बंदेलकर के अनुसार जमीन खरीद से लेकर कंस्ट्रक्शन करने में कच्चा माल और बिक्री पर लगने वाला जीएसटी और केंद्र एवं राज्य सरकारों के विभिन्न कर, स्थानीय प्रशासन द्वारा अनुमति दिए जाने के पूर्व शुल्क, तरह-तरह के टैक्स लगने से मकानों की कीमत बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही हैं। पिछले एक दशक में रेत, गिट्टी, सीमेन्ट, लोहा से लेकर स्टांप ड्यूटी, जीएसटी और स्थानीय करों के कारण मकान निर्माण की लागत लगातार बढ़ती ही जा रही है। जिसका असर खरीदारों पर अब स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। महंगी कीमतों के कारण अब आम आदमी मकान नहीं खरीद पा रहा है। राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद के अध्यक्ष का कहना है कि बिल्डर का मार्जिन आज भी सिंगल डिजिट में है। लेकिन मल्टीप्ल टैक्स डबल डिजिट में आम आदमियों को देना पड़ रहे हैं। सस्ते मकान का सपना अब लगता है, जनता के लिये सपना ही रहेगा। लगभग 30त्न से ज्यादा टैक्स आम आदमियों को भवन निर्माण की सामग्री खरीदने और उनकी विभिन्न शुल्कों को अदा करने पर देना पड़ रहा है। पिछले वर्षों में लगातार रेत, गिट्टी, सीमेंट और अन्य समान के रेट भारी टैक्सों के कारण बढ़ते ही जा रहे हैं। बैंक से कर्ज लिए मकान खरीदना खरीदार के लिये संभव नहीं होता है। मकान खरीदने के बाद बैंक में ब्याज के रूप में आम आदमी को लाखों रुपए भरने पड़ रहे हैं। वर्तमान स्थिति में जिस तरह का टैक्स और ब्याज आम आदमियों को मकानों पर लग रहा है। उसके कारण अब मकान के खरीददार बाजार से गायब हो रहे हैं। रियल स्टेट का अरबों-खरबों रुपए जमीन और मकानों में फंस गए हैं। बिल्डर्स को अब खरीदार नहीं मिल रहे हैं। रियल स्टेट का कहना है, कि सरकार टैक्स को घटाएं। सस्ते मकान मध्य और निम्न वर्ग को उपलब्ध हों, इस दिशा में प्राथमिकता के साथ सरकार के लिये निर्णय लेने की जरूरत है। भारी टैक्सों के कारण अब लोगों के लिये मकान खरीदना उनकी क्रय शक्ति में शामिल नहीं है। महंगाई एवं बेरोजगारी का असर रियल स्टेट पर स्पष्ट रूप से बड़ रहा है। जिन्होंने मकान खरीदे हैं। वह अपनी ईएमआई नहीं चुका पा रहे है। बैंक नीलामी से मकानों को बेचने की कोशिश करते है। नीलामी में बैंकों को खरीददार नहीं मिल रहे हैं। बैंकों का भी अरबों रूपयों हाउसिंग लोन में डूब रहा है। जिन बिल्डरों ने बैंक से




कर्ज लेकर आवास बनाये है। वह भी नहीं बिक पा रहे हैं। बिल्डर भी बैंकों में डिपाल्टर हो रहे है। सरकार को त्वरित रूप से मकानों की लागत को कम करने लिये टेक्स एवं शुल्क घटाने होंगे। समय रहते यह नहीं किया गया तो स्थिति बड़ी विकराल हो सकती है।

**रक्षाबन्धन एक हिन्दू त्यौहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण (सावन) में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी (सावनी) या सलूनो भी कहते हैं। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चाँदी जैसी मँहगी वस्तु तक की हो सकती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बाँधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बन्धियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। कभी कभी सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी राखी बाँधी जाती है।**





# रक्षाबंधन अटूट विश्वास का बंधन





हम सभी सामाजिक प्राणी है, जो एक-दूसरे से जुड़े रहने के लिए स्वेच्छा से रिश्तों के बंधन में बंधते है। ये बंधन हमारी स्वतंत्रता का हनन करने वाले बंधन नहीं अपितु प्रेम के बंधन होते हैं, जिसे हम जिंदादिली से जीते और स्वीकारते हैं।

हमारे समाज में हर रिश्ते को कोई न कोई नाम दिया गया है। ठीक उसी तरह आदमी और औरत के भी कई रिश्ते हो सकते हैं, मगर उन रिश्तों में सबसे प्यार रिश्ता भाई-बहन का रिश्ता होता है। यह रिश्ता हर रिश्ते से मीठा और प्यारा रिश्ता होता है क्योंकि इस रिश्ते में मिठास भरता है भाई-बहन का एक-दूसरे के प्रति प्रेम व विश्वास। यह विश्वास प्रतीक रूप में भले ही रेशम की कच्ची डोर से बँधा होता है परंतु दोनों के मन की भावनाएँ प्रेम की एक पक्की डोर से बँधी रहती है, जो रिश्तों की हर डोर से मजबूत डोर होती है। यही प्रेम रक्षाबंधन के दिन भाई को अपनी लाड़ली बहन के पास खीच लाता है। रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं बल्कि हमारी परंपराओं का प्रतीक है, जो आज भी हमें अपने परिवार व संस्कारों से जोड़े रखे हैं। रक्षाबंधन बहन की रक्षा की प्रतिबद्धता का दिन है, जिसमें भाई हर दुख-तकलीफ में अपनी बहन का साथ निभाने का वचन देता है। यही वह वचन है, जो आज के दौर में भी भाई-बहन को विश्वास के बँधन से जोड़े हुए है।

यही वह त्योहार है, जिसे बहन अपने घर अर्थात अपने मायके में मनाती है। तभी तो हर रक्षाबंधन पर बहन जितनी बेसब्री से अपने भाई के आने का इंतजार करती है उतनी ही शिद्दत से भाई भी अपनी बहन से मिलकर उसका हालचाल जानने को उसके पास खिंचा चला आता है और भाई और बहन का मिलन होता है, तब सारे गिले-शिकवे दूर होकर माहौल में बस हँसी-ठिठौली के स्वर ही गुँजायमान होते हैं, जो खुशियों का पर्याय होते हैं। आप भी इस त्योहार को प्यार के साथ बनाएँ तथा इस दिन अपनी बहन को उसकी खुशियाँ उपहारस्वरूप दें। याद रखें यह रिश्ता, जितना मजबूत और प्यारा रिश्ता है उतना ही कमजोर भी इसलिए रिश्ते की इस डोर को सदैव मजबूती से थामे रखें।

## सात वचन से बँधी सात राखियाँ



यह भारत में ही संभव है कि एक महीन रेशम डोरी से दिल की अनंत गहराइयों में छुपा प्यार अभिव्यक्त हो सकें। भाई और बहन के अनमोल रिश्ते को समर्पित यह त्योहार मन में उमंग की सुरीली घंटियाँ बजा देता है। यूँ भी सावन मास सौन्दर्य का भीना मौसम माना गया है। यह मौसम साज-श्रृंगार और प्यार-अनुराग की कलाभिव्यक्तियों से आपुरित होता है। यही वजह है कि कलाई पर बँधने वाली राखी का सौन्दर्य रिश्ते की सादगी पर जीत जाता है। इस मोहक मनभावन त्योहार पर इस बार बाँधें कुछ ऐसी राखियों को जो हर भाई-बहन के जीवन जीने का अंदाज बदल दें - यह राखी है प्यार, विश्वास, साथ, मुस्कान, सम्मान, स्वतंत्रता और क्षमा की।

**प्यार की राखी-** यह राखी सलमा-सितारें और मोतियों से नहीं सजी है। यह राखी, अपने मन के आँगन में खिलने वाले प्यार के मासूम फूल से बनी है। इसे बाँधने और बँधाने की यही शर्त है कि बहन और भाई दोनों यह कसम खाए कि उनका प्यार कभी नहीं बदलेगा। हर मौसम, हर समय, हर परिस्थिति में उनके प्यार का फूल तरोताजा रहेगा। चाहे बहन पराए आँगन की तुलसी बन जाए, चाहे रूनझुन पायल छनकाती दुल्हन, भाई ले आए। रिश्तों का सौन्दर्य और सादगी बनी रहे, बची रहे। दिल की गहराई में बसा प्यार निरंतर बढ़ता रहे, फलता-फूलता रहे। यह राखी इस मंगल त्योहार पर यही कसम चाहती है। दोनों के बीच महकते प्यार का फूल पैसों की तपिश से कभी ना मुरझा पाए।

**विश्वास की राखी -** यह राखी बड़ी महीन लेकिन मजबूत डोरी से बनी है। इस राखी की यही शर्त है कि विश्वास की रेशम डोर दुनिया के ताने-बाने में कभी ना उलझ पाए। यानी हर हाल में भाई का बहन के प्रति और बहन का भाई के प्रति विश्वास बरकरार रहे। इसे यूँ भी कहा जा सकता है कि दोनों एक-दूसरे के प्रति विश्वास को टूटने नहीं देंगे। अकारण एकदूजे पर अविश्वास की काली परत चढ़ने नहीं देंगे। अगर किसी एक से विश्वास की दीवार चटकती भी है तो उसकी परिस्थिति को उदार मन से समझने का प्रयास करेंगे। इस राखी को बाँधते हुए कसम लें कि एकदूजे का विश्वास बनेंगेऔर उसे संजोए रखेंगे।

**साथ की राखी -** चाहे सारी दुनिया तुम्हारे विरुद्ध हो तुम्हारा भाई हमेशा तुम्हारे साथ है। यह अटूट सहारा देते शब्द सच्चे मन से हर बहन के अन्तर्मन में बैठे होने चाहिए। उसका यह भाव कि मेरा भाई है ना, और भाई का यह अहसास कि मेरी बहन सब संभाल लेगी,हर हाल में कायम रहे यही इस राखी को बाँधने की कोमल शर्त है। इस दुनिया में माँ और पिता के बाद भाई ही तो सच्चा निस्वार्थ साथ दे सकता है। देश का हर भाई अपनी बहन के साथ रहे एक अहसास बन कर, एक विश्वास बन कर तभी इस राखी की सार्थकता है।



## रेशम डोरी में गूँथा प्यार

- छत की सीढ़ियों पर रूठकर बैठी एक नन्ही बहना। उसके इस रूठने से सबसे ज्यादा व्यथित अगर कोई है तो वह है उसका भाई। भोजन की थाली लेकर उसके पास जाने वाला पहला व्यक्ति होता है, उसका भाई।
- स्कूल से अपनी बहन को लेकर आता एक छोटा-सा भाई। भाई के छोटे लेकिन सुरक्षित हाथों में जब बहन का कोमल हाथ आता है तब देखने योग्य होता है, भाई के चेहरे से झलकता दायित्व बोध, उठते हुए कदमों में बरती जाने वाली सजगता और कच्ची-कच्ची परेशान आँखें। घर पर जो बहन भाई से ठुनकी-ठुनकी रहती होगी, बीच राह पर वही भोली-सी हिरनी हो जाती है।
- बच्चों का एक झुंड। खेल में मशगूल। तभी सबको लगी प्यास। भाई ने हमेशा की तरह छोटी बहन को आदेश दिया। नन्हे हाथों में जग और गिलास पकड़े टेढ़ी-मेढ़ी चाल से धीरे-धीरे आती है बहन और...और... धड़ाम!! सबके सामने भाई को मिली फटकार। बहन ने कोहनी छुपाते हुए, आँसुओं को रोकते हुए कहा - भाई ने नहीं भेजा था, मैं खुद गई थी पानी लेने।
- कक्षा पहली की नन्ही छात्रा अनुष्का को प्रिंसिपल ने ऑफिस में बुलाकर कहा - तुम्हारा छोटा भाई आशु क्लास में सो गया है उसे अपनी क्लास में ले जाओ...! अनुष्का की गोद में सोया है आशू और वह बोर्ड पर से सवाल उतार रही है।
- दूसरी की छात्रा श्रुति रोते हुए अपने बड़े भाई श्रेयस के पास पहुँची। कक्षा के बच्चे उसके नाम का मजाक उड़ाते हैं। उसे सूती कपड़ा कहते हैं। तीसरी कक्षा के बहादुर भाई ने कहा - छुट्टी के बाद सबके नाम बताना, सबको ठीक कर दूँगा। श्रुति आश्वस्त है अब। छुट्टी होने पर श्रेयस ने रोक लिया सब चिढ़ाने वाले बच्चों को। पहले तो बस्ते से धमाधम मारा-पीटी, फिर सब पर स्याही छिड़ककर बहन का हाथ पकड़कर भाग आया भाई। बहन खुश है, भाई ने बदला ले लिया। कल की कल देखेंगे।
- पहली बार कॉलेज जा रही थी बहन। भाई ने बाइक पर बैठाया और रास्ते में कहा - तू कब बड़ी हो गई मुझे तो वहीं दो चोटी वाली बस्ता घसीटकर चलने वाली और चॉक खाने वाली याद है। इतनी जल्दी तू बड़ी हो गई, पता ही नहीं चला।
- बहन बिदा हो रही थी लेकिन भाई धर्मशाला जल्दी खाली करने की चिंता में व्यंजनों के कढ़ाव - तपेले आदि उठा-उठा कर रख रहा था। बहन ने सुबकते हुए भाई को याद किया। भाई ने सब्जी-दाल से सने हाथों से ही बहन को गले लगा लिया।

बहन ने अपनी कीमती साड़ी को आज तक ड्रायक्लीन नहीं करवाया। वह कहती है, जब भी उस साड़ी पर सब्जी के धब्बे देखती हूँ। भाई का वह अस्त-व्यस्त रूप याद आ जाता है , मेरी शादी में कितना काम किया था भाई ने। भाई और बहन का रिश्ता मिश्री की तरह मीठा और मखमल की तरह मुलायम होता है। रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के इसी पावन रिश्ते को समर्पित है। इसी त्योहार पर इस रिश्ते की मोहक अनुभूति को सघनता से अभिव्यक्त किया जाता है।

भारत में यदि आज भी संवेदना, अनुभूति, आत्मीयता, आस्था और अनुराग बरकरार है तो इसकी पृष्ठभूमि में इन त्योहारों का बहुत बड़ा योगदान है। जो लंबी डगर पर चिलचिलाती प्रचंड धूप में हरे-भरे वृक्ष के समान खड़े हैं। जिसकी घनी छाँव में कुछ लम्हें बैठकर व्यक्ति संघर्ष पथ पर उभर आए स्वेद बिंदुओं को सुखा सके और फिर एक शुभ मुस्कान को चेहरे पर सजाकर चल पड़े जिंदगी की कठिन राहों पर, जूझने के लिए।

रक्षाबंधन के शुभ पर्व पर बहनें अपने भाई से यह वचन चाहती हैं कि आने वाले दिनों में किसी बहन के तन से वस्त्र न खींचा जाए फिर कोई बहन दहेज के लिए जिंदा न जलाई जाए, फिर किसी बहन का अपहरण ना हो और फिर किसी बहन के चेहरे पर तेजाब न फेंका जाए। यह त्योहार तभी सही मायनों में खूबसूरत होगा जब बहन का सम्मान और भाई का चरित्र दोनों कायम रहे। यह रेशमी धागा सिर्फ धागा नहीं है। राखी की इस महीन डोरी में विश्वास, सहारा और प्यार गुंफित हैं और कलाई पर बँधकर यह डोरी प्रतिदान में भी यही तीन अनुभूतियाँ चाहती हैं। पैसा, उपहार, आभूषण, कपड़े तो कभी भी, किसी भी समय लिए-दिए जा सकते हैं लेकिन इन तीन मनोभावों के लेन-देन का तो यही एक पर्व है - रक्षाबंधन!



# तीन या चार सितंबर तक विश्वकप के लिए टीम घोषित कर सकता है बीसीसीआई

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अगले माह तीन या चार सितंबर तक विश्वकप कप क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए टीम की घोषणा कर सकता है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सभी भाग ले रहे देशों से पांच सितंबर तक अपनी संभावित टीम घोषित करने को कहा था। कुछ देशों ने जहां अपनी-अपनी टीमें घोषित कर दी हैं। वहीं बीसीसीआई कुछ खिलाड़ियों के पूरी तरह से फिट होने का इंतजार कर रहा है। वहीं माना जा रहा है कि जो टीम एशिया कप में उतरेगी। उसी में से अधिकांश खिलाड़ी होंगे। बल्लेबाज केएल राहुल, श्रेयस अय्यर की फिटनेस का मामला भी एशिया कप से साफ हो जाएगा जिससे बोर्ड के लिए टीम की घोषणा आसान होगी। राहुल और अय्यर को सर्जरी से उबरने के बाद सीधे प्रवेश दिया गया है जिससे उनकी लय का अभी अंदाज नहीं है। ऐसे में इन्हें सीधे विश्वकप के लिए रखना जोखिम भरा काम भी है। इसके अलावा भी टीम के कुछ खिलाड़ियों को लेकर भी बोर्ड संशय में है। इस उलझन को देखते हुए 3 या 4 सितंबर दो ऐसी तारीख हैं जब बोर्ड विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित कर सकता है। सभी क्रिकेट बोर्ड 27 सितंबर तक अपनी-अपनी टीमों में बदलाव भी कर सकते हैं। इसलिए संभावित टीम घोषित करने में अधिक परेशानी नहीं है।

भारतीय टीम एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। इस मुकाबले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विश्वकप के लिए जगह मिलना तय है। इस मुकाबले में प्रदर्शन के आधार पर बीसीसीआई के लिए टीम घोषित करना आसान रहेगा। इसी कारण 3 या 4 सितंबर को भारतीय टीम की घोषणा हो सकती है। विश्व कप की शुरुआत 5 अक्टूबर से हो रही है। इससे पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज भी खेलेगी। ऐसे में इस सीरीज में प्रदर्शन के आधार पर टीम में बदलाव भी हो सकता है।

# भारतीय महिलाओं ने जीता हॉकी 5 एशिया कप, विश्व कप के लिए किया क्वॉलिफाई




**सलालाह (एजेंसी)।** मारियाना कुजूर और ज्योति के दो-दो गोल की मदद से भारत ने सोमवार को ओमान के सालालाह में थाईलैंड को 7-2 से रौंद दिया। इसके साथ ही भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहला महिला एशियाई हॉकी 5 विश्व कप क्वालिफायर जीता। यहीं नहीं, भारतीय महिला हॉकी ने अगले साल होने वाले विश्वकप में भी अपनी जगह पक्की की।

बता दें कि, महिला हॉकी 5 विश्व कप का पहला सीजन अगले साल 24 से 27 जनवरी के बीच मस्कट में खेला जाना है। भारत के लिए मारियाना कुजूर और ज्योति ने दो-दो गोल किए, जबकि मोनिका टोप्पो, कप्तान नवजोत कौर और महिमा चौधरी ने एक-एक गोल दागा। थाईलैंड की ओर से कुंजिरा इनपा और सानपौंग कोर्नकानोक ने गोल किए।

थाइलैंड के खिलाफ मैच में भारतीय महिलाओं ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया। मारियाना कुजूर ने दूसरे मिनट में ही गोल करके भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद थाइलैंड ने दनादन दो गोल दागकर अच्छी वापसी की, लेकिन उसकी खुशी ज्यादा देर तक दरकरार नहीं रह पाई।

भारतीय टीम ने इसके बाद दबाव बनाकर थाइलैंड की टीम को बैकपुट पर ही रखा। इससे पहले कप्तान नवजोत कौर की हैट्रिक की बदौलत भारत ने मलेशिया को 9-5 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई थी। नवजोत ने हैट्रिक लगाई थी, जबकि मारियाना कुजुर और ज्योति ने दो-दो गोल दागे।

# डगआउट में उत्साहित होकर बल्लेबाजी का इंतजार करता हूं : सूर्यकुमार



**मुम्बई (एजेंसी)।** आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार टी20 क्रिकेट में शीर्ष पर पहुंच गये हैं पर एकदिवसीय में अभी तक वह सफल नहीं हुए हैं। अब एशिया कप से उनके पास इस प्रारुप में भी बेहतर प्रदर्शन का अवसर है। सूर्यकुमार ने हाल ही में कहा कि डगआउट में वह हमेशा उत्साहित रहते हैं। साथ ही कहा कि वह इस दौरान हमेशा ही टॉप गियर में रहते हैं और उन्हें आउट होने का भी डर नहीं रहता है। साथ ही का कि डगआउट में रहने के दौरान वह हमेशा उत्साह का अनुभव करते हुए बल्लेबाजी का बेसब्री से इंतजार करते हैं। तब उन्हें इस बार का डर नहीं होता की पहली ही गेंद पर आउट न हो जाएं। साथ ही कहा कि अगर मैं पहली ही गेंद पर आउट हो जाता हूं, तब भी मुझे कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि डगआउट के अंदर मेरी तैयारी और उत्साह वैसा ही रहता है। जब भी कोई विकेट गिरता है तो मेरी दिल की धड़कन बढ़ जाती है, इस प्रकार मैं हमेशा क्रीज में दौड़ता हूं क्योंकि जब मेरी हृदय गति तेज होती है, तो मुझे अच्छा लगता है, यह जोन 5 में है।

उन्होंने कहा, जब भी मैं पहली गेंद खेलता हूं तो मुझे लगता है कि मुझे हमेशा किसी भी चीज के लिए तैयार रहना चाहिए। अगर मुझे चौका या छक्का मारना है, तो यह मेरे लिए मायने नहीं रखता क्योंकि जब भी मैं बल्लेबाजी करने जाता हूं तो मेरे दिमाग में हमेशा यही योजना होती है। जब मैं एक या दो अच्छे शॉट खेलता हूं या विकेटों के बीच मेरी दौड़ अच्छी चल रही होती है, तो मुझे लगता है कि मैं अपने क्षेत्र में हूं और अपनी टीम के लिए कुछ बड़े, मूल्यवान रन बना सकता हूं।

वहीं पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा कि सूर्यकुमार एक बहुत ही ईमानदार क्रिकेटर हैं। साथ ही कहा कि यदि दो या तीन विकेट गिरने पर उन्हें बल्लेबाजी के लिए भेजा जाता है तो उन्हें अपनी रक्षात्मक रणनीति पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि कभी-कभी 50 ओवर के प्रारूप में रक्षात्मक रणनीति और तैयारी आसान होती है।

# एशिया कप में इस बार भाग लेंगी छह टीमें, पहली बार खेलेगा नेपाल

**मुम्बई (एजेंसी)।** पाकिस्तान और श्रीलंका में बुधवार से शुरु हो रहे एशिया कप में इस बार छह टीमें भाग लेंगी। नेपाल की टीम इसमें पहली बार खेलेगी। इसी साल होने वाले एकदिवसीय विश्वकप को देखते हुए एशिया कप का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। एशिया कप का पहला मैच बुधवार को पाकिस्तान और नेपाल के बीच खेला जाएगा। इस बार एशिया कप एकदिवसीय प्रारुप में खेला जाएगा। टी20 विश्व कप से पहले ये टी20 प्रारुप में हुआ था। साल 1984 में एशिया कप की शुरुआत हुई थी। तब से अबतक 15 बार एशिया कप का आयोजन हुआ है। गत वर्ष श्रीलंका ने पाकिस्तान को हराकर ये खिताब जीता था। भारत ने अब तक सबसे अधिक सात बार जबकि पाकिस्तान ने दो बार ये खिताब जीता है।

इस बार एशिया कप में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका जैसे टेस्ट खेलने वाले देशों के अलावा रोहित पोडेल की कप्तानी में नेपाल भी खेलेगा। नेपाल ने इस साल अप्रैल-मई में एसीसी पुरुष प्रीमियर कप जीतकर एशिया कप के लिए क्वालिफाई किया था।

एशिया कप में भाग ले रही 6 टीमें को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारत, नेपाल और पाकिस्तान हैं जबकि ग्रुप-बी में अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका हैं। ग्रुप स्टेज में हर टीम दूसरे से एक बार खेलेगी। इसके बाद दो शीर्ष टीमें सुपर-4 राउंड में जाएंगी। सुपर-4 में हर टीम की एक-दूसरे से एक बार टक्कर होगी और फिर टॉप-2 टीमें फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगी। शुरुआती मैच 30 अगस्त को मुल्तान में पाकिस्तान और नेपाल के बीच होगा और फाइनल 17 सितंबर को होगा। टूर्नामेंट में फाइनल सहित 13 मैच होंगे। पाकिस्तान को एशिया कप की मेजबानी मिली थी पर भारत के इंकार के बाद इसे हाईब्रिड मॉडल में आयोजित करने का फैसला हुआ। इसमें फाइनल सहित भारत के सभी मैच श्रीलंका में होंगे।




# विश्वकप से पहले कप्तान सहित चार खिलाड़ियों के चोटिल होने से ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ीं

**सिडनी (एजेंसी)।** आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में अब केवल दो माह का समय है। विश्वकप पांच अक्टूबर से शुरु होने वाला है। वहीं टीम के कप्तान पैट कमिंस सहित चार खिलाड़ियों के चोटिल होने से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड (सीए) की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल चोटिल होने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। इसी कारण वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से भी बाहर हो गए हैं। मैक्सवेल अपनी आक्रमक बल्लेबाजी के कारण कभी भी मैच पलट देते हैं। वहीं इससे पहले कप्तान कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भी चोटिल हो गये थे। इन सभी के भारत के खिलाफ सीरीज तक फिट होने की संभावनाएं हैं पर अगर ये फिट नहीं हुए तो टीम के लिए खिताब जीतना कठिन हो जाएगा।

मैक्सवेल डरबन में टीम के पहले अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए थे। उनकी चोट से विश्वकप से पहले टीम प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय सीरीज खेलने से बाहर हो गये थे। वहीं चयनकर्ता टोनी डोडेमाडे ने कहा कि मैक्सवेल के विश्वकप से पहले ठीक होने की उम्मीदें हैं।

दूसरी ओर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि एलेक्स कैरी हमारे मुख्य विकेटकीपर हैं पर अगर जोश इंग्लिश को एलेक्स की चोट के कारण मौका मिलता है, तो वह इसके लिए तैयार रहें। इंग्लिश पिछले दिनों द हंड्रेड में उतरे थे। इससे पहले फैक्चर के कारण स्मिथ और कमिंस भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से बाहर हो गये थे।

# भारत में नहीं चलेगी इंग्लैंड की आक्रामक रणनीत : हरभजन

मुम्बई । दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा कि इंग्लैंड टीम की बाजबॉल (आक्रामक) रणनीति अब भारत में काम नहीं करेगी। इसी को लेकर हरभजन ने कहा कि ऐसी कोई संभावना नहीं है। इसलिए इंग्लैंड की टीम अपने भारत दौरे में हमारे गेंदबाजों की पिटाई का सपना छोड़ दे। स्टोक्स ने कहा कि जब हमने न्यूजीलैंड को 3-0 से हराया, तो कहा गया कि हम दक्षिण अफ्रीका, पाकिस्तान या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऐसा नहीं कर सकते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज 2-2 से बराबर रही, जबकि अन्य सीरीजों में इंग्लैंड हावी रही। स्टोक्स और कोच ब्रैंडन मैकुलम के नेतृत्व में इंग्लैंड ने अब तक 18 में से 14 टेस्ट जीते हैं। यह एक शानदार रिकॉर्ड है और दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण भी इंग्लैंड के बल्लेबाजों के रनों को नहीं रोक पाए हैं। बाजबॉल की रणनीति के साथ इंग्लैंड ने अभी तक शानदार स्पिन का सामना नहीं किया है, जिसकी वजह से उनकी अभी असल परीक्षा होनी बाकी है।



# विश्वकप के बाद संन्यास ले सकते हैं रोहित ?

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय विश्वकप के बाद संन्यास ले सकते हैं। 35 साल के हो रहे रोहित का प्रदर्शन अब पहले जैसा नहीं रहा है। ऐसे में अब वह एशिया कप और विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन कर रिकार्ड बनाना चाहेंगे। रोहित ने साल साल 2020 के बाद एकदिवसीय में केवल एक शतक लगाया है। इस बल्लेबाज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 24 जनवरी को शानदार शतक लगाया था। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साल 2020 में 119 रन बनाये थे। साल 2019 विश्वकप में रोहित टूर्नामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे। तब रोहित ने 5 शतकों के साथ 648 रन बनाये थे। अब वह उसी प्रकार का प्रदर्शन करना चाहेंगे। वहीं रोहित की बढ़ती उम्र को देखते हुए उनकी संन्यास की अटकलें तेज हो गयी हैं। उन्होंने एक संकेत के तौर पर कहा, 'मैं अगले दो महीनों तक इस टीम के साथ काफी यादें बनाना चाहता हूं।' रोहित ने कहा, 'मेरे लिए यह जरूरी है कि मैं अपने को दबाव से मुक्त रखूं। मैं अपने रोल निभाने वाले बाहरी कारकों के बारे में नहीं सोचता हूं, चाहे वह सकारात्मक हो या फिर नकारात्मक। मैं उस दौर में जाना चाहता हूं जिसमें मैं 2019 वर्ल्ड कप से पहले था।' साथ ही कहा, 'उस समय मैं अच्छी मानसिक स्थिति में था और टूर्नामेंट के लिए काफी अच्छी तैयारी की थी। मैं उसी मानसिकता को अब फिर वापस लाना चाहता हूं और ऐसा करने के लिए मेरे पास समय पर्याप्त समय भी है।'



# एशिया कप के लिए गांगुली ने शामिल किये पांच बल्लेबाज



**कोलकाता (एजेंसी)।** एशिया कप से पहले कई दिग्गज खिलाड़ियों ने अपनी पसंदीदा टीम बनायी है। अब इसी कड़ी में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी अपनी पसंदीदा टीम बनायी है। गांगुली ने अपनी इस टीम में 5 बल्लेबाज, दो ऑलराउंडर, दो स्पिनर और दो तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। एशिया कप 2023 में भारत का पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ 2 सितंबर को है। इस टूर्नामेंट के लिए भारत ने 17 सदस्यीय टीम का चयन किया है। 18वें खिलाड़ी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन रहेंगे।

गांगुली ने 17 सदस्यीय टीम में से अपनी अंतिम ग्यारह बनायी है। उन्होंने कहा कि वह श्रेयस अय्यर और केएल राहुल दोनों को अपनी टीम में रखेंगे। ये दोनो ही चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। उन्होंने दो तेज गेंदबाजों के तौर पर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को शामिल किया है जबकि ऑलराउंडर के तौर पर हार्दिक पांड्या रहेंगेहैं। इस तरह भारत के पास तीन तेज गेंदबाजी विकल्प रहेंगे।

गांगुली ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल को रखा है जबकि जबकि विराट कोहली नंबर तीन पर उतरेंगे। वहीं मध्य क्रम में उन्होंने श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और रविंद्र जडेजा को जगह दी गयी है जबकि फिनिशर की जिम्मेदारी पांड्या को सौंपी है। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें और स्पिनर कुलदीप यादव 9वें नंबर पर हैं। मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह 10 और नंबर 11 पर उतरेंगे। गांगुली ने अपने अंतिम ग्यारह खिलाड़ियों में सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज को बाहर रखा है।

**गांगुली की एशिया कप के लिए प्लेइंग इलेवन :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी।

## डु प्लेसी के कोहनी की सर्जरी होगी, कैरेबियन प्रीमियर लीग से बाहर हुए

**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर फाफ डु प्लेसी अब सर्जरी करायेंगे। डु प्लेसी पिछले दो से टेनिस एल्बो के कारण दर्द से परेशान रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने डॉक्टरों की सलाह पर सर्जरी कराने का फैसला किया है। अभी तक वह दर्द से राहत के लिए कोर्टिसोन इंजेक्शन का उपयोग कर रहे थे पर अब सर्जरी जरुरी बतायी गयी है। इस कारण अब उन्हें कैरेबियन प्रीमियर लीग सत्र से भी बाहर होना होगा। डु प्लेसी ने अभी तक इस लीग की तीन पारियों में 112 रन बनाए थे। डु प्लेसी ने कहा, ये निराशाजनक है कि मुझे टूर्नामेंट के ऐसे अहम चरण के दौरान छोड़ना पड़ रहा है जब मुझे भरोसा था कि टीम बड़ी जीत हासिल करने के लिए तैयार थी। मुझे टेनिस एल्बो की इस समस्या के साथ लगभग दो सालों तक रहना पड़ा है। मुझे अपनी कोहनी में आठ कोर्टिसोन इंजेक्शन लगे हैं, लेकिन मैं एक ऐसे स्तर पर पहुंच गया हूं जहां कोर्टिसोन अब मेरे शरीर के लिए सही नहीं है। इसलिए सर्जरी ही अंतिम विकल्प है। यह मेरी पहली पसंद नहीं थी। अब मैं सीधे सर्जरी के लिए अस्पताल जाऊंगा।

## अमेरिकी ओपन के दौरान ड्रोन पर रहेगा प्रतिबंध

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दौरान सुरक्षा को देखते हुए ड्रोन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग (एनवाईपीडी) ने अपने एक आदेश में कहा कि अमेरिकी ओपन के दौरान ड्रोन उड़ाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनवाईपीडी ने कहा कि इस आदेश का पालन सभी को करना है। इस दौरान अगर फ्लशिंग मिडोज के आस-पास अगर ड्रोन दिखे तो तुरंत कार्रवाई होगी। एनवाईपीडी की खुफिया और आतंकवाद निरोधक उपायुक्त रेबेका वेनर ने कहा कि हमारा विभाग 'ड्रोन के इस्तेमाल पर नजर रखेगा। उन्होंने हालांकि ड्रोन से होने वाले खतरे के बारे में नहीं बताया। इससे पहले पुलिस ने आरोप लगाया था कि ड्रोन से रेडियो सिग्नल में बाधा पहुंचायी जाती है। गौरतलब है कि साल 2015 में रात के समय महिलाओं के मुकाबले के दौरान एक ड्रोन कोर्ट में आ गया था और एक खाली पड़े हिस्से से टकरा गया था हालांकि इसमें किसी को नुकसान नहीं हुआ था।

# किंग्स कप के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा, छेत्री को मिला विश्राम

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम को किंग्स कप टूर्नामेंट में करिश्माई खिलाड़ी सुनील छेत्री की सेवाएं नहीं मिलेगी और उनकी गैरमौजूदगी में मनवीर सिंह अग्रिम पंक्ति का नेतृत्व करेंगे। टीम के नियमित कप्तान छेत्री पिता बनने वाले है। बच्चे के जन्म के समय परिवार को समय देने के लिए उन्हें इस टूर्नामेंट से विश्राम दिया गया है। छेत्री हालांकि एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में मौजूद रहेंगे। चार देशों की इस टूर्नामेंट का आयोजन नॉकआउट प्रारूप में होगा। इसका आयोजन थाईलैंड के चियांग माई में सात से 10 सितंबर तक होगा। टूर्नामेंट के 49 वें सत्र के लिए भारतीय कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। मनवीर को अग्रिम पंक्ति में रहीम अली और राहुल केपी का साथ मिलेगा। ब्रैंडन फर्नांडिस और सुरेश वांगजम की राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है, जिससे छेत्री की अनुपस्थिति में भी काफी संतुलित दिखती है। टीम की रक्षापंक्ति की कमान अनुभवी संदेश झिंगन और सुभाशीष बोस संभालेंगे जबकि मिडफील्ड में अनिरुद्ध थापा, रोशन नाओरेम सिंह, सहल अब्दुल समद और ब्रैंडन जैसे खुद को साबित कर चुके खिलाड़ी शामिल हैं। गुरप्रीत सिंह संधू और अमरिंदर गोलकीपर की भूमिका निभायेंगे। विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टीम सेमीफाइनल में सात सितंबर को 70वीं रैंकिंग की टीम इराक से भिड़ेगी। मेजबान थाईलैंड (113वीं रैंकिंग) दूसरे सेमीफाइनल में लेबनान (100वीं रैंकिंग) का सामना करेगा। सेमीफाइनल की विजेता टीमें 10 सितंबर को फाइनल मुकाबला खेलेगी जबकि हारने वाली टीमों के बीच इसी दिन तीसरे और चौथे स्थान का प्लेऑफ होगा। भारतीय टीम ने पिछली बार 2019 में इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। टीम ने तब कांस्य पदक जीता था।

**भारतीय टीम :** गोलकीपर: गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, गुरमीत सिंह। डिफेंडर: आशीष राय, निखिल पुजारी, संदेश झिंगन, अनवर अली, मेहताब सिंह, लालचुंगनुंगा, आकाश मिश्रा, सुभाशीष बोस। मिडफील्डर : जैक्सन सिंह थौनाओजम, सुरेश सिंह वांगजम, ब्रैंडन फर्नांडिस, सहल अब्दुल समद, अनिरुद्ध थापा, रोहित कुमार, आशिक कुरुनियान, नाओरेम महेश सिंह, लालियानजुआला छांगते। फॉरवर्ड : मनवीर सिंह, रहीम अली, राहुल केपी। मुख्य कोच : इगोर स्टिमक


# सुनील गावस्कर की रोहित और बाबर को चेतावनी, कहा- 'वे एशिया कप जीत चुके हैं, रहना होगा सावधान'

**मुंबई (एजेंसी)।** इस बार के एशिया कप के सीजन में भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुवाई में पिछली हार को भुलाकर खिताब अपने नाम करना चाहेगी। इस बार एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका कर रहे हैं। जिसके 4 मुकाबले पाकिस्तान में और अन्य मुकाबले श्रीलंका में होने हैं। वहीं भारत बनाम पाकिस्तान के बीच 2 सितंबर को मुकाबला खेला जाएगा। वहीं सुनील गावस्कर का मानना है कि भारत और पाकिस्तान को श्रीलंकाई टीम को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

दरअसल, पूर्व भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर का कहना है कि, एशिया कप में हम भारत-पाकिस्तान को प्रतिद्वंद्विता के बारे में बात करते हैं। लेकिन ये मत भूलिए कि श्रीलंका भी वहां है और वे एशिया कप जीत चुके हैं। इन तीन देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता हमेशा कुछ खास होती है। विशेष रूप से श्रीलंका ने 6 बार एशिया कप का खिताब अपने नाम किया है। वहीं भारत ने सात बार एशिया कप जीता है।

एशिया कप में कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन्हें तीन-तीन के ग्रुप में रखा गया है। भारत, पाकिस्तान और नेपाल ग्रुप 'ए' में हैं। जबकि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका ग्रुप बी में हैं। टीमें ग्रुप स्टेज में अपने ग्रुप की टीम के साथ एक बार भिड़ेंगी और दो-दो मैच खेलेंगी। इसके बाद दोनों ग्रुप से टॉप 2 टीमें सुपर चार में जाएंगी। जहां हर टीम को एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ना है। फिर सुपर चार की टॉप दो टीमें 17 सितंबर को फाइनल में भिड़ेंगी।

वहीं गावस्कर ने अपनी पसंदीदा टीम को चुनने से इनकार किया है। साथ ही कहा है कि, केवल भारत के प्रदर्शन के बारे में चिंतित हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे केवल भारत में दिलचस्पी है। मुझे दूसरों के सेमीफाइनल में पहुंचने की चिंता नहीं है।' खिलाड़ियों के कार्यभार के प्रबंधन के सवाल पर गावस्कर ने कहा कि हर व्यक्ति अपने शरीर को सबसे अच्छे से जानता और समझता है। उन्होंने आगे कहा कि, उस खिलाड़ी को आराम देना जरूरी है जिसे अपने शरीर की परेशानी का पता होता है।



# जोकोविच ने अमेरिकी ओपन 2023 में जीत के साथ मनाया वापसी का जश्न, रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना तय

नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन में यादगार वापसी करते हुए सोमवार को एलेक्जेंडर मुलर पर 6-0, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही जोकोविच का रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचना भी पक्का हो गया। सर्बिया के इस खिलाड़ी को पिछले साल अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई थी क्योंकि उन्हें कोविड-19 का टीका नहीं लगा है। रिकॉर्ड 23 ग्रैंड स्लैम खिताब के इस विजेता को हालांकि मैच शुरू होने के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम में इससे पहले खेले गये कोको गॉ का मैच लगभग तीन घंटे तक चला और फिर पुरुषों के बराबर महिलाओं को पुरस्कार राशि मिलने की 50वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के कारण जोकोविच के मुकाबले में काफी विलंब हुआ। जोकोविच ने इस जीत के बाद कहा, '' मुझे पता था कि मेरा मुकाबला काफी देर से होगा। मैं हालांकि कोर्ट पर जाने के लिए उत्साहित था। मैंने आधी रात के बाद शुरुआत की लेकिन मुझे इसकी कोई परवाह नहीं थी। मैं कुछ वर्षों से इस पल का इंतजार कर रहा था कि मैं अपने खेल के सबसे बड़े स्टेडियम में रात के सत्र में खेल सकूं।'' जोकोविच इससे पहले 2021 के सत्र में इस टूर्नामेंट में खेले थे। तब फाइनल में दानिल मेदवेदेव ने उन्हें हराकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने का उनका सपना तोड़ा था। दूसरी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने अमेरिकी ओपन के पहले दौर में अपने शत-प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड बरकरार रखा। यह लगातार 17वीं बार है जब जोकोविच ने पहले दौर का मुकाबला जीता है।



# टिकाऊ पर्यावरणीय प्रोजेक्ट के क्षेत्रों में कुल 1 हजार करोड़ रुपए के संभावित पूंजी निवेश

**अहमदाबाद ।**

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की प्रेरक उपस्थिति में गुरुवार को गांधीनगर में टेक्सटाइल सेक्टर, इंडस्ट्रियल पार्क, और पैकेजिंग उद्योग के लिए टिकाऊ पर्यावरणीय प्रोजेक्ट के क्षेत्रों में कुल 1 हजार करोड़ रुपए के संभावित पूंजी निवेश और 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाले समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिशादर्शन में गुजरात को निवेश के श्रेष्ठ गंतव्य के लिए बेंचमार्क के रूप में स्थापित करने वाली वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट की दसवीं शृंखला जनवरी-2024 में आयोजित होने जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में इस समिट को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार ने शृंखलाबद्ध आयोजन शुरू किए हैं। इस उद्देश्य से वाइब्रेंट समिट के पूर्वार्ध के रूप में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की प्रेरणा से अभी से ही हर सप्ताह विभिन्न उद्योग निवेशकों के साथ राज्य में उद्योगों की स्थापना करने के लिए एमओयू करने का उपक्रम शुरू किया गया है। इस उपक्रम के पांचवें चरण में उद्योग राज्य मंत्री हर्ष संघवी की उपस्थिति में मंगलवार, 29 अगस्त को चार एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इन एमओयू के अनुसार अहमदाबाद जिले में स्थित केराला जीआईडीसी में कंपोजिट टेक्सटाइल यूनिट कार्यरत करने के लिए एल.बी. टेक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 450 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा तथा इससे लगभग 1000 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह इकाई जनवरी-2024 तक कार्यरत हो जाएगी। इसके अलावा, मेस्कोट साउथ एशिया एल.एल.पी. ने मांडल तहसील के मानपुरा में 155 हेक्टेयर क्षेत्र में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित करने के लिए 288.75 करोड़ रुपए के निवेश का एमओयू किया। इस पार्क में 2 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा और यह पार्क मार्च-2026 तक कार्यरत हो जाएगा। नवसारी की जलालपोर तहसील के वेस्मा और काळाकाछा गांव में 3.34 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में एक औद्योगिक पार्क के लिए ढांचागत सुविधाएं विकसित करने के संबंध में 99.12 करोड़ रुपए के निवेश के साथ एमओयू किया गया है। यहां 209 प्लॉट की उपलब्धता के समक्ष लगभग 6 हजार रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और यह पार्क मार्च-2025 तक कार्यरत हो जाएगा। इन तीन एमओयू के अलावा 161.78 करोड़ रुपए के निवेश के साथ फ्लेक्सिबल इंटरमीडिएट बल्क कंटेनर (एफआईबीसी) जम्बो बैग के उत्पादन के लिए पॉलीइथाइलीन टेरेफ्थेलेट (पीईटी) बोतलों की रीसाइक्लिंग के संबंध में पैकेम उमाश्री प्राइवेट लिमिटेड और ब्राजील की कंपनी के बीच संयुक्त उद्यम प्रोजेक्ट शुरू करने को लेकर भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। अहमदाबाद जिले के धोलका-बगोदरा रोड, गांगड में 54 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में आकार लेने वाला यह टिकाऊ पर्यावरणीय प्रोजेक्ट अक्टूबर-2024 में शुरू होगा और प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 1100 लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। यह एफआईबीसी के उत्पादन हेतु बोतल की रीसाइक्लिंग के लिए टिकाऊ पर्यावरणीय प्रोजेक्ट जम्बो बैग्स पीईटी (पीईटी बोतल टू बैग) का एक प्रोजेक्ट है। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि वाइब्रेंट समिट-2024 के पूर्वार्ध के रूप में हर सप्ताह आयोजित किए जाने वाले एमओयू हस्ताक्षर कार्यक्रम की चार कड़ी में राज्य में विभिन्न उद्योगों की स्थापना के लिए कुल 7374 करोड़ रुपए के निवेश के 15 एमओयू किए गए हैं। इन उद्योगों के शुरू होने से आगामी दिनों में कुल 10,800 से अधिक संभावित रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# गोवा में गुजराती बिजनेसमैन को हनीट्रेप में फंसाने के खेल का पर्दाफाश, दो युवती समेत तीन गिरफ्तार

**अहमदाबाद।**

गुजरात के व्यापारियों को बिजनेस मिटिंग के लिए गोवा बुलाकर उन्हें हनीट्रेप फंसाने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस मामले में पुलिस ने दो युवती और एक युवक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। चौंकानेवाली बात यह है कि पकड़ी गई दोनों युवती गुजरात की हैं। कॉर्पोरेट सेक्टर से जुड़ी दोनों युवतियां सोशल मीडिया के जरिए गुजरात के बिजनेसमैन को अपनी जाल में फंसाती है और उन्हें बिजनेस मिटिंग के लिए गोवा बुलातीं। गोवा की किसी बड़ी होटल में खुद ही रूम बुक करा लेती और अपने शिकार से कहती कि अन्य कोई रूम उपलब्ध नहीं है। जिसके बाद देर रात बिजनेमैन के साथ खुद शारीरिक संबंध बनाती और दूसरे दिन अपने अंडर गारमेंट पर लगे सिमेंस के प्रमाण के साथ पुलिस थाने पहुंच जाती।

जहां जिस बिजनेसमैन के साथ रात्रि के दौरान शारीरिक संबंध बनाए थे, उसके खिलाफ दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करवा देती। पुलिस युवती द्वारा दिए गए सबूत मेडिकल जांच के लिए भेजती है और कपड़ों पर सिमेंस संबंधित शख्स होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया जाता।

जिसके बाद युवतियां संबंधित बिजनेस को ब्लैकमेल करती और लाखों रुपए ऐंठती थी। चूंकि एक ही तरह की एफआईआर दर्ज करवाने पर पुलिस को दोनों युवतियों पर संदेह हुआ और दोनों को हिरासत में लेकर जब कड़ी पूछताछ की तो हनीट्रेप का पर्दाफाश हुआ।

हनीट्रेप गिरोह में दो युवतियों के अलावा एक युवक भी शामिल है, जो बड़े बिजनेसमैन के ढूंढकर देता था। ताकि युवतियों को उनका शिकार करने में सरलता रहे। यह गिरोह गुजरात के बिजनेसमैनों को ही अपनी जाल में फंसाता था। पुलिस ने दोनों युवतियों के साथ युवक को भी गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू की है।

# बायड के निर्दलीय विधायक की भाजपा में वापसी

**अरवल्ली।** बायड से निर्दलीय विधायक धवलसिंह झाला की आज भाजपा में वापसी हो गई। इस मौके पर गुजरात भाजपा प्रदेश प्रमुख सीआर पाटील ने धवलसिंह झाला को पार्टी से चिपके रहने की नसीहत दी। अरवल्ली जिले के मोडासा, धनसुरा और मालपुरा तहसील भाजपा संगठन के तहसील कार्यालय के लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में गुजरात भाजपा प्रमुख सीआर पाटील समेत कई नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निर्दलीय विधायक धवलसिंह झाला को देख सभी चौंक उठे। चौंकानेवाली बड़ी बात यह थी कि धवलसिंह झाला ने भगवा पटका डाल रखा था। धवलसिंह झाला की भाजपा में वापसी पर सीआर पाटील ने उन्हें एक नसीहत दी। सीआर पाटील ने मंच कहा कि बायड के विधायक धवलसिंह झाला पहले कांग्रेस और बाद में भाजपा में शामिल हो गए। लेकिन उसके बाद बायड से निर्दलीय चुनाव जीता। उन्होंने कहा कि बायड समेत अरवल्ली के लोग आपसे बहुत उम्मीद करते हैं। अब आपको चाहिए कि गोंद लगा लो और इधर-उधर मत जाना। पाटील ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में थोड़ी-बहुत नाराजगी है, सभी से माफी मांग लेना। सीआर पाटील के इस बयान से स्पष्ट हो गया है कि धवलसिंह की भाजपा में वापसी हो चुकी है। गौरतलब है कि गत विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर धवलसिंह झाला ने अरवल्ली जिले की बायड सीट से बतौर निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीत भी गए। जबकि भाजपा ने धवलसिंह झाला का टिकट काटकर भीखीबेन परमार को और कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री शंकरसिंह वाघेला के बेटे महेन्द्रसिंह को उम्मीदवार बनाया था।

# स्कूल इमारतों के मुद्दों के समाधान के लिए लिंबायत जोन के अधिकारियों के साथ शिक्षण समिति पदाधिकारियों की समन्वय बैठक



**सूरत भूमि, सूरत।**

शिक्षा समिति द्वारा संचालित विद्यालयों में भवन मरम्मत-निर्माण-सुरक्षा संबंधी बकाया मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए शिक्षा समिति के पदाधिकारियों द्वारा जोनवार नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठकें शुरू कर दी गई हैं। यह बैठक आज सुबह 11 बजे लिंबायत जोन में हुई। लिंबायत जोन के 78 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों की मौजूदगी में स्कूल के बकाया सवालों पर चर्चा हुई और 45 दिनों में सभी सवालों का समाधान कर दोबारा समीक्षा बैठक करने का निर्णय लिया गया।

इस समन्वय बैठक में शिक्षा समिति के अध्यक्ष धनेश शाह, उपाध्यक्ष स्वातिबेन सोसा, क्रय समिति के संयोजक शुभम उपाध्याय, भवन समिति के संयोजक अरविंद काकडि़या और खेल समिति के संयोजक संजय पाटिल जैसे समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। लिंबायत जोन के उच्च अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी विद्यालयों के प्रश्न पर स्वस्थ चर्चा हुई। साथ ही नगर निगम अधिकारियों ने सभी लंबित कार्यों को तय दिनों के अंदर पूरा करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर शिक्षा समिति भवन समिति के संयोजक अरविंद काकडि़या ने कहा कि इससे पहले भी सभी जोन में समन्वय बनाकर स्कूलों की कई समस्याओं का समाधान किया जा चुका है और लिंबायत जोन में यह सीरीज की आखिरी बैठक थी. इस जोन की सभी समस्याओं का भी समाधान किया जायेगा. शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष स्वातिबेन सोसा ने कहा कि हम स्थायी आधार पर समन्वय के लिए प्रत्येक क्षेत्र में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे।

शिक्षा समिति के अध्यक्ष धनेश शाह ने विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को आश्वासन दिया कि समिति के पदाधिकारी उनके सभी लंबित मुद्दों के समाधान के लिए प्रतिबद्ध हैं। अंत में शिक्षा समिति के सदस्य एवं खेल समिति के संयोजक संजय पाटिल ने लिंबायत क्षेत्र के सभी विद्यालयों के लंबित मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर उनका समाधान कर बच्चों के हितों की रक्षा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका सरकार के साथ आमने-सामने समन्वय स्थापित करने की पहल करने वाली यह पहली शिक्षा समिति टीम है। 135 के प्रधान शिक्षक एवं शिक्षक नेता राहुल गव्हाणे ने कहा और इसके लिए शिक्षा समिति के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

# वृक्षाबंधन का हुआ आयोजन



**सूरत भूमि, सूरत। अग्रवाल विकास ट्रस्ट महिला शाखा द्वारा मंगलवार को एक अनूठा कार्यक्रम वृक्षाबंधन का आयोजन किया गया । आयोजन में एसएमसी को 160 नंबर स्कूल में पेड़ों को राखी बांधी गई । इस मौक़े पर स्कूल के बच्चों से भी पेड़ों को राखी बँधवाकर पेड़ों की आजीवन रक्षा करने का संदेश दिया गया । इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सरावगी ने बच्चों को ग्लोबल वार्मिंग एवं वृक्षों के महत्व के बारे में बताया । स्कूल के सभी बच्चों को रक्षाबंधन के अवसर पर उपहार दिये गये । इस मौक़े पर ट्रस्ट के राजीव गुप्ता, राहुल अग्रवाल, अर्जुनदास अग्रवाल, महिला शाखा की शालिनी कानोडिया, दीपाली सिंघल, ऋतु गोयल, निशु बजाज सहित अनेकों सदस्या उपस्थित रहीं ।**

# टोयोटा किर्लोस्कर ने पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू की, कीमत 10,29,000/- रुपये से प्रारंभ




**सूरत ।**

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी नवीनतम पेशकश - द ऑल न्यू (पूरी तरह नई) टोयोटा रुमियन की कीमत और आधिकारिक तौर पर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की। इसे इसी महीने (अगस्त 23) के शुरू में लॉन्च किया गया था। इससे लोगों में काफी उत्साह पैदा हुआ। उम्मीद की जाती है कि यह असाधारण, नई कॉम्पैक्ट बी-एमपीवी अपने बेजोड़ स्थान और आराम, उत्कृष्ट ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन के साथ नए मानक स्थापित करेगी।

टीकेएम की नवीनतम पेशकश 10,29,000 रुपये से 13,68,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी और डिलीवरी 8 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है। सात सीट वाली यह एमपीवी 1.5-लीटर के पेट्रोल इंजन से संचालित है जो के-सीरिज का है और इसमें नियो ड्राइव (आईएसजी) तथा और ई-सीएनजी तकनीक का उपयोग किया गया है, जो पेट्रोल वेरिएंट के लिए 20.51 किमी/लीटर और सीएनजी के लिए 26.11 किमी किग्रा की उल्लेखनीय ईंधन दक्षता सुनिश्चित करती है। 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और एक सहज 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में उपलब्ध, यह घोषणा करते हुए, टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट : सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग, श्री अतुल सूद ने कहा, ''ऑल न्यू टोयोटा रुमियन को ग्राहकों की पूछताछ के संदर्भ में मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से हम बेहद विनम्र और सम्मानित महसूस करते हैं। हमें बहुप्रतीक्षित ऑल न्यू टोयोटा रुमियन की बुकिंग शुरू होने और कीमतों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इसकी शुरुआत 10,29,000 रुपये से होती है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन बुक करने वाले ग्राहकों के लिए वाहनों की डिलीवरी 88 सितंबर 2023 से शुरू होगी ।

इसके अलावा इस नए बी-एमपीवी में टोयोटा एमपीवी जैसे सिग्नेचर फ्रंट ग्रिल, क्रोम फिनिश के साथ फ्रंट बम्पर, बैक डोर क्रोम गार्निश के साथ एलईडी टेल लैंप और मशीन्ड टू टोन अलॉय व्हील्स जैसी मजबूत विशेषताओं के साथ एक स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिजाइन है जो एक शैली और परिष्कार प्रदर्शित करते हैं। शानदार इंटीरियर लकड़ी के फिनिश वाले डैशबोर्ड और डोर ट्रिम्स के साथ प्रीमियम डुअल-टोन इंटीरियर और कई सुविधाजनक सधनों के साथ प्रीमियम डुअल-टोन की रेंज प्रदान करता है।




**सूरत भूमि, सूरत। डिंडोली स्थित दीप दर्शन विद्यासंकुल सीबीएससी में आज रक्षाबंधन का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। स्कूल में अनोखे अंदाज में मनाया गया रक्षाबंधन। जिसमें बच्चों को शिक्षा देने के उद्देश्य से 'पेड़ों को बचाएं' और पेड़ों की पूजा कर उनकी रक्षा करें का संदेश देते हुए राखी बनाई गई। 24 *7 देश और देश की जनता की रक्षा करने वाले हमारे सैनिक भाइयों की रक्षा के उद्देश्य से बाल भवन के बच्चों ने डिंडोली पुलिस में जाकर पुलिस कर्मियों को भावनात्मक राखी बांधी। स्कूल में भी बच्चे सेना और पुलिस के जवानों की वेशभूषा में भारत के वीरों की रक्षा के लिए प्रार्थना करने आए। हर साल स्कूल में मूल्य शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों के साथ भारतीय त्योहार मनाए जाते हैं, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चे भविष्य में देश के सच्चे नागरिक बन सकें।**

# 'नो - फेनोक्सीथेनॉल' और '100 प्रतिशत शाकाहारी उत्पत्ति' चिक्को बेबी मोमेंट्स कॉस्मेटिक्स गुजरात में नए युग के माता-पिता की नई पसंद है




शिशु देखभाल के लिए विश्व प्रसिद्ध नाम चिक्को, शिशुओं के लिए सुरक्षित और उन्नत उत्पाद पेश करके नवाचार में सबसे आगे है। इतना ही नहीं, 160 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति के साथ, चिक्को छोटे बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए भी जाना जाता है।

चिक्को बेबी मोमेंट्स ने एक दशक पहले भारत में पैराबेंस-मुक्त शिशु सौंदर्य प्रसाधनों के लॉन्च के साथ सुरक्षा और देखभाल के लिए एक नया मानक स्थापित किया था। पिछले साल चिक्को ने एक बार फिर बेबी मोमेंट्स कॉस्मेटिक्स की नवीनतम न्नो-फेनोक्सीथेनॉलज रेंज लॉन्च करके नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की, जो शिशु देखभाल की दुनिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

लेकिन सुरक्षा के प्रति चिक्को की प्रतिबद्धता यहीं नहीं रुकती। फेनोक्सीथेनॉल और पैराबेंस से मुक्त होने के अलावा, चिक्को बेबी मोमेंट्स उत्पाद ट्रोपोलोन, एसएलएस, एसएलईएस, रंगों और अल्कोहल से भी मुक्त हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि केवल सबसे कोमल तत्व ही आपके बच्चे की नाजुक त्वचा को छूते हैं।


चिक्को बेबी मोमेंट्स को जो चीज़ अलग करती है, वह है इसका 100 प्रतिशत शाकाहारी-आधारित अवयवों का उपयोग करने का समर्पण, जो शिशुओं को आवश्यक पोषण प्रदान करने के लिए जाना जाता है। यह सुरक्षा और प्रकृति दोनों को प्राथमिकता देने वाले उत्पाद वितरित करने की चिक्को की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

गुजरात की अपनी हालिया यात्रा के दौरान, श्री राजेश वोहरा ने बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्रदान करने के लिए चिक्को के चल रहे समर्पण के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "चिक्को में हम आधुनिकता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अपने 65+ वर्षों के वैश्विक अनुभव और वैज्ञानिक ज्ञान से प्रेरित हैं। इससे पहले हमने प्राकृतिक अवयवों से भरपूर नो-फेनोक्सीएथेनॉल शिशु सौंदर्य प्रसाधन पेश करके शिशु देखभाल को आगे बढ़ाने की अपनी यात्रा शुरू की थी। हमें यह कहते हुए खुशी हो रही है कि पूरे भारत और विशेष रूप से गुजरात में हमारे ग्राहकों ने वास्तव में इस विकास को पसंद किया है और यहां हमारा व्यवसाय कई गुना बढ़ गया है। यह हमारे ग्राहकों के हम पर विश्वास का प्रमाण है और हम वास्तव में उनके प्रति आभारी हैं।"

# जहां मन बुद्धि चित्त और अहंकार विसर जाता है वहां समाधि है, वही परम प्रेम है: मोरारीबापु

ओशो तपोवन काठमांडू से प्रवाहित रामकथा के चौथे दिन बापू ने कहा की जो गृह में स्थित वही गृहस्थ है।जो भटकते नहीं,चार दीवाल में रहने वाला भटकाव बंद हो गया,निजता में बढ़ गया वह गृहस्थी। तो इस स्वरूप में हनुमान जी गृहस्थ है। हृदय रूपी गृह में रहते है और हनुमान के हृदय में राम रहते हैं,राम के हृदय में हनुमान रहता है। हनुमान वानप्र-स्थ है वन विचरण निरंतर वन में रहते हैं।। सतयुग में शंकर रूप में,त्रेतायुग में राम के सेवक के रूप में,द्वापर युग में कृष्ण के रथ की ध्वजा में और कलयुग में कथा में रहते हैं।। चारो आश्रम,चारों युग और चारों वर्ण में हनुमान है।। सन्यासी का लक्षण कृष्ण उद्धव को कहते हैं।उद्धव ने पूछा।

कृष्ण के दो परम सखा एक अर्जुन दूसरा उद्धव है और कृष्ण संन्यास के बारे में कह सकते हैं।। अज्ञानता ऐसी कूख है ऐसा गर्भ है जहां से पांच वस्तु निकलती है:राग,द्वेष,अस्मिता,अभिनिवेश और अविद्या। यह पंचक्लेश भी कहते हैं।अस्मिता है अहंकार लेकिन हम गौरव के रूप में स्थापित करते हैं।गर्व को हम गौरव कहते हैं।और यह पांचो के कारण अर्जुन कहता है कि है भगवान मैं आपको केवल सखा समझता हूं। उद्धव पूछते हैं आपकी संन्यास की परिभाषा क्या है?अर्जुन ने न्यास त्याग और संन्यास को बिलग कैसे कहा वह पूछा है। भगवत गीता में और भागवत के एकादश स्कंध में भी संन्यास के बारे में कहा है।वहां लिखा है जमीन पर नजर रख कर चलना,शुद्ध पानी ही पीना सन्यासी का यह धर्म दिखाया। हाथ में दंड है, कृष्ण कहते हैं त्रिदंड में एक दंड है वाणी का मौन। बोलना ही पड़े तो सत्य बोलो,प्रिय बोलो और सीमित बोलो। दूसरा दंड है इच्छा हो तो नाचो, लेकिन अकारण शरीर को हिलाना नहीं। निर्जन और निर्भय स्थान पर रहें, निश्चेतन बैठना। तीसरा दंड है अकेले बैठो तब सांस बंद करो। प्राणायाम करो तो भी हनुमान जी से कनेक्शन बनता है। हनुमान नाभि से आज्ञा चक्र तक घूमता है।हमारे अंदर पृथ्वी जल आकाश अग्नि तत्व कम हो तो चलेगा वायु तत्व के बगैर नहीं चलेगा। रामचरितमानस में परम प्रेम की आठ पंक्ति मिलती है।



परम प्रेम सन्यास है। उसे मैं प्रेमाष्टक कहता हुं।।कृष्ण कहते हैं त्रि दंडी संन्यासी के पास यदि यह तीन ना हो और केवल बांस का टुकड़ा है तो वह बोझ सा लगता है। जब हमारा मन प्रेम से भर जाए शरीर रोमांचित हो जाए तब उठो तो भी सन्यास गीरों तो भी सन्यास है। परम प्रेम में उठाना और गिरना भी सन्यास है। विक्षेप मुक्त चित् बिलोरी कांच जैसा अंतःकरण।।राम में मर्यादा का सौंदर्य है कृष्ण में सौंदर्य की मर्यादा है। कृष्ण का विलास-चैतसिक विलास जीवन भी बापू ने बताया किसी को शुद्ध दृष्टि से देखते नैन भीग जाये,प्रेम सन्यास है।यह क्रांतिकारी नहीं शांतिकारि सूत्र है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )